Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 136 | सोमवार, 19 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बीमार पैक्सों के लिए नई नीति लाएगी सरकार, अमित शाह बोले

# 2029 तक देश की हरेक पंचायत में होगी PACS की स्थापना

**नई दिल्ली।**


केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि कोई भी पंजीकृत पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समितियां) बीमार न हों। पहले से परिसमापन (लिक्विडेशन) की स्थिति में पहुंच चुकी पैक्सों के त्वरित समाधान और उनके स्थान पर नई पैक्सों के गठन के लिए केंद्र सरकार जल्द ही एक नई नीति लाने जा रही है।

अमित शाह रविवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में अहमदाबाद में आयोजित ₹सहकारी महासम्मेलन₹ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत पैक्सों की सारी समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा। साथ ही पूरी तरह बंद हो चुकी पैक्सों के स्थान पर नई पैक्स का पंजीकरण भी कराया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में एक भी पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से बीमार नहीं होगी। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को समृद्ध एवं विस्तार देने के लिए समूहों एवं संस्थाओं में जागरूकता, प्रशिक्षण एवं पारदर्शिता लाने की कोशिश की जा रही है। इसी के तहत सरकार ने इस वर्ष को 'सहकारिता वर्ष' घोषित किया है। साथ ही 'सहकारिता में विज्ञान' को महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य वर्ष 2029 तक देशभर में दो लाख नई पैक्स बनाने का है। पहले से बनी पैक्सों को बहुआयामी बनाया जा रहा है, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। इसके लिए पैक्सों के साथ 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों को जोड़ा गया है। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में ₹सर्कुलर इकोनॉमी₹ को बढ़ावा देने के लिए एक सहकारी स्वामित्व वाली कंपनी के जरिए आइसक्रीम, चीनी, पनीर बनाने एवं दूध को ठंडा रखने की मशीनों और फैट मापन उपकरणों के निर्माण की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं।



## || सार संक्षेप

### प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन



**वाशिंगटन।**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन को प्रोस्टेट कैंसर के आक्रामक रूप से जूझ रहे हैं।

जो बाइडेन के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बाइडन प्रोस्टेट कैंसर के आक्रामक रूप से गुजर रहे हैं। उनकी हालिया रिपोर्ट में बताया गया कि कैंसर बाइडन की हड्डियों तक फैल चुका है। बताया जा रहा कि उनका परिवार डॉक्टरों के साथ उपचार के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। बताया जाता है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के निजी कार्यालय ने एक बयान जारी किया है। इस बयान में कहा गया कि जो बाइडन को मूत्र संबंधी लक्षणों में वृद्धि का अनुभव होने के बाद प्रोस्टेट नोड्यूल की एक नई खोज के लिए देखा गया था। शुक्रवार को प्रोस्टेट कैंसर के बारे में पता चला। जिसमें ग्लेसन स्कोर 9 (ग्रेड ग्रुप 5) था और हड्डी में मेटास्टेसिस था।

### ज्योति मल्होत्रा का पहलगाम कनेक्शन!

**हिसार।**

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई न्यू अग्रसेन कालोनी निवासी ज्योति मल्होत्रा से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस पूछताछ में यह तो साफ हो गया है कि पहलगाम में भारतीयों पर हुए अटैक और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आरोपित ज्योति मल्होत्रा पाक के खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थी।

उस दौरान उसने क्या जानकारियां शेयर की अभी इसकी जांच चल रही है। ज्योति मल्होत्रा ने सेना से जुड़ी जानकारियां शेयर की है या नहीं अभी इस बारे में




पुलिस ने कुछ नहीं बताया। वहीं पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि अभी तक जांच में सामने आया है कि ज्योति मल्होत्रा की ट्रैवल के दौरान अपनी इनकम से अधिक खर्चे थे। उसके पास ये पैसा कहां से आया उसकी गंभीरता से जांच कर रहे हैं।

## गुजरात तट पर दिखी संदिग्ध नाव, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**अहमदाबाद।**

गुजरात के जाफराबाद तट से थोड़ी दूरी पर एक संदिग्ध नाव के देखे जाने से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। इस मामले के सामने के बाद भारतीय तटरक्षक बल व नौसेना की ओर से संदिग्ध नाव को खोज निकालने के लिए एक अभियान चलाया गया है। इस नाव की जानकारी मछुआरों द्वारा दी गई। मछुआरों ने इस अनजान नाव को असामान्य तरीके से व्यवहार करते हुए देखा। उन्होंने ही इसकी सूचना भारतीय तटरक्षक बल को दी। तटरक्षक बल ने जांच के लिए एक हेलीकाप्टर को तैनात किया। नाव को खोजने के लिए चलाया जा रहा



खोजी अभियान प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, नाव ने दिशा बदल ली है। जाफराबाद नाव संघ के अध्यक्ष कणैयालाल सोलंकी ने कहा है कि स्थानीय मछुआरे चलाए जा रहे खोजी अभियान में सहायता कर रहे हैं।

## यूपी में करवट लेगा मौसम, लू से मिलेगी निजात

**लखनऊ।**

मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में 19 से 23 मई के बीच पूरब से पश्चिम तक तेज हवाओं व गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के संकेत हैं। उत्तर प्रदेश में मौसम फिर से करवट लेने वाला है। साथ ही कुछ दिनों के लिए भीषण गर्मी और लू से थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में 19 से 23 मई के बीच पूरब से पश्चिम तक तेज हवाओं व गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के संकेत हैं। तराई इलाकों में चल रही पुरवाई और बूंदाबादी का विस्तार अब प्रदेश के पूर्वी-पश्चिमी दोनों संभागों में देखने को मिलेगा। सोमवार के लिए यूपी के पूर्वी और तराई इलाकों के 34 जिलों में गरज-चमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान इन इलाकों में 40 से 50



किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का भी पूवार्नुमान है। रविवार को प्रदेश में कहीं तपिश तो कहीं उमस भरी गर्मी के बीच कुछ तराई इलाकों में बूंदाबांदी देखने को मिली। इससे पारे में थोड़ी गिरावट आई और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एक नए वेदर सिस्टम के सक्रिय होने से, बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में नमी लिए हुए पूर्वा हवाओं और बूंदाबांदी का प्रभाव तराई समेत प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी नजर आएगा। इसके असर से बादलों की आवाजाही के साथ प्रदेश के विभिन्न इलाकों में तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। इससे प्रदेश में लू की परिस्थितियों पर कुछ दिनों के लिए रोकथाम लगने के संकेत हैं। गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, संत कबीर नगर, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में।

## प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा करेंगे विक्रम मिस्री

**नई दिल्ली।**

पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ अपने 'जीरो टॉलरेंस' के संदेश को वैश्विक पटल पर मजबूती से रखने के लिए इस महीने के अंत में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को प्रमुख साझेदार देशों में भेजेगी।



सूर्या कांग्रेस सांसद शशि थरूर और अन्य लोगों के साथ इस यात्रा में शामिल होंगे, जो 23 मई से 6 जून तक होगी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्रमुख कूटनीतिक पहल का हिस्सा है, जिसके तहत 32 देशों और यूरोपीय संघ की यात्रा के लिए सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल गठित किए गए हैं।

केंद्र सरकार पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए विश्व के कई देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। विदेश जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसदों संग विदेश सचिव विक्रम मिस्री चर्चा करेंगे। दो चरणों में होने वाली प्रक्रिया में मिस्री सांसदों को ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के खिलाफ अहम तथ्यों से अवगत कराएंगे। इस ब्रीफिंग में विदेश सचिव भारत के आधिकारिक रुख की भी उन्हें जानकारी देंगे जिससे प्रतिनिधिमंडल विदेशों में देश का पक्ष पूरी मजबूती के साथ रख सके। संसद भवन में पहला चरण 20 मई जबकि दूसरा चरण 23 मई को होगा। इन सात प्रतिनिधिमंडलों में अलग-अलग राजनीतिक दलों के सांसद, पूर्व मंत्री और पूर्व राजदूत शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर विदेश सचिव विक्रम मिस्री सोमवार और मंगलवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति को ₹भारत और पाकिस्तान से संबंधित वर्तमान विदेश नीति घटनाक्रम₹ के बारे में जानकारी देंगे। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने रविवार को कहा कि वह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख पेश करने के लिए अमेरिका और लातिन अमेरिका का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। सूर्या कांग्रेस सांसद शशि थरूर और अन्य लोगों के साथ इस यात्रा में शामिल होंगे, जो 23 मई से 6 जून तक होगी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्रमुख कूटनीतिक पहल का हिस्सा है, जिसके तहत 32 देशों और यूरोपीय संघ की यात्रा के लिए सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल गठित किए गए हैं। प्रत्येक टीम में सेवानिवृत्त राजनयिक शामिल हैं जो सांसदों की सहायता करेंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ और एकीकृत रुख को प्रस्तुत करना और सीमापार हमलों का जवाब देने के अपने अधिकार पर जोर देना है।

## अनन्या और राशा ने रखी हिंदुस्तानी विरासत की लाज

**मुंबई।** आईफा पुरस्कार के बाद जी सिने अवार्ड्स में कई बॉलीवुड सितारे शामिल हुए। इस इवेंट में अनन्या पांडे और राशा थडानी ने अपने भारतीय परिधानों से महफिल लूट ली। जानिए, इस इवेंट में और कौन-कौन शामिल हुआ। अब जबकि हिंदी सिनेमा से जुड़े सालाना पुरस्कार बस एक रस्म अदायगी जैसे होते जा रहे हैं तो ऐसे में इन पुरस्कार समारोहों में चोटी के सितारों के दर्शन ही दुर्लभ होते जा रहे हैं।

## पूरा नहीं हो सका इसरो का 101वां मिशन



**श्रीहरिकोटा।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 101वां मिशन पूरा नहीं हो सका। लॉन्चिंग के तीसरे चरण में मोटर केस के चेंबर प्रेशर में गिरावट के कारण पीएसएलवी स्वदेशी जासूसी उपग्रह ईओएस-09 को कक्षा तक पहुंचाने में सफल नहीं हो सका। पीएसएलवी चार-चरणों वाला रॉकेट है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से रविवार सुबह 5:59 बजे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) सी-61 ने अर्थ

> इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा, मैं जानता हूं कि तीसरे चरण के ठोस मोटर के विकास के दौरान हमें कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। इस स्तर पर ऐसी समस्याएं फिर से उभरना असामान्य है।

आब्जर्वेशन सेटेलाइट ईओएस-09 के साथ उड़ान भरी, लेकिन उड़ान के 12वें मिनट में इसमें तकनीकी समस्या आ गई। लॉन्चिंग के बाद पीएसएलवी की उड़ान को मिशन कंट्रोल सेंटर और देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित इसरो के अन्य केंद्रों से ट्रैक किया गया। इसरो की ओर से साझा किए गए डेटा के अनुसार दूसरे चरण तक सबकुछ ठीक था, लेकिन तीसरे चरण में तकनीकी समस्या आ गई। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, हमने श्रीहरिकोटा से 101वें प्रक्षेपण पीएसएलवी-ष्ट61 ईओएस-09 मिशन का लक्ष्य रखा था।

## गुजरात की जीत के साथ आरसीबी और पंजाब भी प्लेऑफ में पहुंचीं

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने केएल राहुल की शतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 199 रन बनाए। जवाब में गुजरात टाइटंस ने निर्धारित ओवर में एक भी विकेट गंवाए बगैर 205 रन बनाए और 10 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। साई सुदर्शन और शुभमन गिल की रिकॉर्ड साझेदारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। इसी के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स भी प्लेऑफ में पहुंच गई हैं। अब चौथे स्थान के लिए लड़ाई जारी है। रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने केएल राहुल की शतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 199 रन बनाए।

**सुदर्शन-गिल के बीच रिकॉर्ड साझेदारी**




जवाब में गुजरात टाइटंस ने निर्धारित ओवर में एक भी विकेट गंवाए बगैर 205 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। 200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने अच्छी शुरूआत दिलाई और अंत तक लय बरकरार रखी। दोनों के बीच 205 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। यह किसी भी ओपनिंग जोड़ी के द्वारा निभाई गई तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले गिल और सुदर्शन ने आईपीएल 2024 में 210 रन की साझेदारी निभाई थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए यह गुजरात का दूसरा सबसे सफल रन चेज है।


## संपादक की कलम से

# भारत के संसदीय प्रवक्ता

मकसद है कि आतंकवाद पर पाकिस्तान को बिल्कुल बेनकाब किया जाए। भारत बीते 35-37 सालों से पाकपरस्त आतंकवाद से पीड़ित है। हजारों मासूमों और बेगुनाहों की हत्याएं की जा चुकी हैं। कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन और विस्थापित होना आतंकवाद का सबसे अमानवीय उदाहरण है। मौजूदा परिदृश्य में भारत शेष विश्व को ब्रीफ करना चाहता है कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा? पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों और उनके महलनुमा अड्डों पर भारत को विस्फोटक प्रहार क्यों करने पड़े? आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी-मलबा कैसे किया गया? भारत सरकार की आदर्श विदेश नीति क्या है? भारत आज भी युद्ध के पक्ष में नहीं है, लेकिन आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना उसका लक्ष्य है। इन सवालों और स्पष्टीकरण के साथ भारत के 40 सांसदों के 7 प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में भेजना तय किया गया है। यह भारत की कूटनीति का एक सफल प्रयास हो सकता है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बहुत लंबी और बहुआयामी है। आतंकवाद से अमरीका, यूरोप, अरब देश, शेष विश्व भी छिला पड़ा है, जख्मी है, डरा हुआ है। जो संसदीय मंडल भेजे जा रहे हैं, वे आतंकवाद पर राष्ट्रीय नीति और भारत की एकता, अखंडता, विविधता के प्रतीक हैं। हमारे सांसद भारत की आवाज हैं, भारत के प्रवक्ता हैं। वे वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को नंगा करेंगे और सवाल भी करेंगे कि आतंकिस्तान पाकिस्तान को बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का बेल आउट कर्ज क्यों मिलता रहा है? विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक को भी सचेत हो जाना चाहिए। शायद अंतरराष्ट्रीय संस्थान को पाकिस्तान के यथार्थ की सम्यक जानकारी नहीं है या वैश्विक राजनीति आड़े आती है। अंततः पाकिस्तान कर्ज का पैसा आतंकियों के पुनर्वास और हथियारों पर खर्च करता रहा है। जिन आतंकियों को बिल्कुल मिट्टी में मिला दिया गया है, उनके लिए पाकिस्तान की हुकूमत ने 1 करोड़ रुपए प्रति आतंकी, उनके परिजनों को देने का ऐलान किया है। चूंकि जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद अजहर के खानदान में 14 मौतें हुई हैं, लिहाजा उसे 14 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इस पैसे का इस्तेमाल क्या होगा? बहरहाल हमारे मकसद पर भी सवालिया निशान इसलिए लगाया जा रहा है, क्योंकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक दल अमरीका भेजना सरकार ने तय किया है। कांग्रेस की इस पर सियासी आपत्ति है। ऐसे संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में भेजना भारत सरकार का विशेषाधिकार है। 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने तब के नेता प्रतिपक्ष अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में दल संयुक्त राष्ट्र में भेजा था। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद 2008 में ऐसा ही प्रतिनिधिमंडल भेजा गया था। वे भारत की चिंताओं और सरोकार के सवाल थे। राजनीतिक दलों की परिधियां गायब कर दी गई थीं। इस बार भी यही किया गया है। जनता दल-यू, द्रमुक, एनसीपी (पवार) और शिवसेना के सांसदों को भी दल के नेतृत्व सौंपे गए हैं। कांग्रेस के तत्कालीन विदेश राज्यमंत्री सलमान खुर्शीद को इस बार भी प्रतिनिधि बनाया गया है, हालांकि वह सांसद नहीं हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रति उनकी नफरतवादी सियासत को देश जानता है। थरूर करीब तीन दशकों तक संयुक्त राष्ट्र में कार्यरत रहे हैं। वह वहां अंडर जनरल सेक्रेटरी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में वह विदेश राज्यमंत्री भी रहे हैं। अमरीका के माहौल, भाषा और कूटनीति में वह मर्मज्ञ हैं। तो फिर कांग्रेस उन्हें प्रतिनिधिमंडल में भेजना क्यों नहीं चाहती?


ललित शर्मा
संपादक

# पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए बनाए डेलिगेशन में विवाद क्यों ?


अशोक भाटिया

केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए 17 मई को डेलिगेशन बनाए। इसमें कई पार्टियों के नेताओं को शामिल किया गया है। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी वठरउ के सदस्य देशों का दौरा करेगा।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'सबसे बड़े मौके पर भारत एकजुट है। 7 सर्वदलीय डेलिगेट्स जल्द ही बड़े देशों का दौरा करेंगे, जो आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई के बारे में बताएंगे। यह राजनीति और मतभेदों से परे हटकर देश की एकता को दिखाने का समय है।'ये सातों डेलिगेशन 23 या 24 मई को 10 दिनों के लिए भारत से रवाना होंगे। वहां बताएंगे कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण क्या है और ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन क्यों और कैसे लिया गया। संसदीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को डेलिगेशन को लीड करने वाले सांसदों के नाम जारी किए थे । इसमें कांग्रेस से सांसद शशि थरूर का नाम शामिल है। अब कांग्रेस ने कहा है कि उसने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था ।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पर लिखा, 'शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ। सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे।' कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी पूरी दुनिया को देने वाले प्रतिनिधिमंडल का मेंबर बनाए जाने पर केंद्र सरकार को शुक्रिया कहा है। उन्होंने कहा कि वे इस निमंत्रण से ₹सम्मानित₹ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब देश के हित की बात आएगी, तो वे पीछे नहीं हटेंगे ।थरूर ने एक बयान में कहा, ₹भारत सरकार ने मुझे पांच महत्वपूर्ण राजधानियों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया है, ताकि हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके, मैं इससे सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित शामिल होगा, और मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा ।₹प्रतिनिधिमंडल में शशि थरूर का चयन कांग्रेस के लिए एक नाजुक समय पर हुआ है। हाल ही में उन्होंने सरकार के सैन्य कदमों की तारीफ की थी। सरकार की तारीफ करने पर बीजेपी के नेताओं ने उनकी सराहना की। लेकिन, कांग्रेस पार्टी में ही कुछ लोग उनसे नाराज हैं। थरूर ने कहा था कि सरकार ने संयम से काम लिया। उन्होंने पाकिस्तान और ढङ्क में आतंकियों को निशाना बनाया। 7 मई को हुई कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे ।थरूर के विचार कांग्रेस पार्टी की सोच से अलग हैं। कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर पारदर्शिता की कमी का आरोप लगा रही है। कांग्रेस पार्टी ने अमेरिका की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। हाल ही में, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने थरूर के बयानों से किनारा कर लिया। उन्होंने कहा, ₹यह उनकी राय है। जब थरूर साहब बोलते हैं, तो यह पार्टी की राय नहीं होती ।₹ एक समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के कुछ बड़े नेताओं को लगता है कि थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार कर दी है। वे लगातार पार्टी की बातों से अलग राय रख रहे हैं। कांग्रेस के बड़े नेताओं और थरूर के बीच रिश्ते हमेशा बदलते रहे हैं। 2014 में, उन्हें पार्टी के प्रवक्ता पद से हटा दिया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अच्छी बातें लिखी थीं। 2020 में, वे ॠ-23 समूह में शामिल थे। ॠ-23 कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का एक समूह था। इस समूह ने पार्टी में बड़े बदलाव की मांग की थी। ॠ-23 के कई नेता अब पार्टी छोड़ चुके हैं। 2022 में, थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ चुनाव लड़ा था। खड़गे को गांधी परिवार का समर्थन था। फिर भी, थरूर को 1,000 से ज्यादा वोट मिले थे। थरूर का कांग्रेस पार्टी के साथ रिश्ता उतार-चढ़ाव भरा रहा है। कभी वे पार्टी के साथ दिखते हैं, तो कभी अलग राय रखते हैं। अब देखना यह है कि आगे क्या होता है। यह पहली बार नहीं है, जब केंद्र सरकार किसी मुद्दे पर अपना पक्ष रखने के लिए विपक्षी नेताओं की मदद लेगी। इससे पहले भी दो बड़े इंसीडेंट्स में ऐसा हो चुका है। 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई हमलों के बाद मनमोहन सरकार ने कई पार्टियों के नेताओं के डेलिगेशन विदेश भेजे थे। उन्होंने पाकिस्तानी आतंकवाद के बारे में पूरी दुनिया को बताया था। 1994 में तब के पीएम नरसिम्हा राव ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का पक्ष रखने के लिए विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में डेलिगेशन को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (वठलफउ) भेजा था। इसमें फारूक अब्दुल्ला भी शामिल थे। अब सवाल यह भी उठता है कि मोदी सरकार ने कांग्रेस के दिए नामों को दरकिनार कर शशि थरूर को ही क्यों चुना? उसका उत्तर स्पष्ट है ।शशि थरूर ने 1978 से 2007 तक यूनाइटेड नेशन्स यानी वठ में विभिन्न पदों पर काम किया। उनकी वैश्विक मंचों पर बोलने की क्षमता और कूटनीतिक समझ बहुत बेहतर है। थरूर अच्छी अंग्रेजी बोल लेते हैं और अमेरिका-यूके में काफी वक्त गुजारा है। ऐसे में उन्हें भारत के डेलिगेट के तौर पर बेहतर नेता माना जा सकता है। हालांकि उन्हें चुने जाने की यही वजह नहीं है ।बताया जाता है कि 'शशि थरूर ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के लिए सरकार की प्रशंसा की थी, जो कांग्रेस के बिहेवियर से काफी अलग थी। उन्होंने इसे संयमित और सटीक कार्रवाई बताया, जिससे मोदी सरकार को लगा कि वह भारत की स्थिति को बेहतर ढंग से पेश कर सकते हैं। वहीं, कांग्रेस ने जो 4 नाम दिए थे, वो सभी पाकिस्तान और तुर्किये जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरते आए हैं। बताया जाता है कि केंद्र सरकार ने जो सात डेलिगेशन गठित किए हैं, जिनमें विभिन्न दलों के 51 सांसद और पूर्व मंत्री शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय विदेश मंत्रालय के 8 अधिकारी भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा हैं। बैजयंत पांडा, रविशंकर प्रसाद (दोनों भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), श्रीकांत शिंदे (शिवसेना), शशि थरूर (कांग्रेस), कनिमोझी करुणानिधि (डीएमके) और सुप्रिया सुले (राकांपा-सपा) के नेतृत्व में ये सातों प्रतिनिधिमंडल कुल 32 देशों और आखिरी में सभी 59 सदस्य बेल्जियम के ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ मुख्यालय का दौरा करेंगे। इन सातों डेलिगेशन में शामिल सदस्यों में सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के 31 और विपक्षी दलों के 20 सांसद व पूर्व मंत्री हैं। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में सात या आठ सदस्य शामिल हैं और उन्हें सहयोग देने के लिए हर प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश सेवा के कम से कम एक अधिकारी को अटैच किया गया है। सभी प्रतिनिधिमंडलों में कम से कम एक मुस्लिम प्रतिनिधि है, चाहे वह राजनेता हो या राजनयिक। कांग्रेस द्वारा सुझाए गए चार नामों में से सिर्फ आनंद शर्मा को प्रतिनिधियों की सूची में शामिल किया गया। शेष तीन नाम- गौरव गोगोई, सैयद नसीर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वारिंग- को सूची में शामिल नहीं किया गया है। शशि थरूर के अलावा कांग्रेस नेता मनीष तिवारी, अमर सिंह और सलमान खुर्शीद भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। चार नेताओं में से केवल एक को ही स्थान दिए जाने पर कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आपत्ति जताई है। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह नरेंद्र मोदी सरकार की पूर्ण निष्ठाहीनता को साबित करता है तथा गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर उसके द्वारा खेले जाने वाले सस्ते राजनीतिक खेल को दशार्ता है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद, एमजे अकबर, आनंद शर्मा, वी मुरलीधरन, सलमान खुर्शीद और एसएस अहलूवालिया शामिल हैं, जो वर्तमान में संसद सदस्य नहीं हैं।

> हालांकि, विपक्षी पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार के आग्रह पर शामिल किए गए चार प्रतिष्ठित कांग्रेस सांसद/नेता निश्चित रूप से प्रतिनिधिमंडल के साथ जाएंगे और अपना योगदान देंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'एक मिशन। एक संदेश। एक भारत। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रमुख देशों से संपर्क करेंगे, जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे सामूहिक संकल्प को दशार्ता है।' कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाती अ रही है कि जिन चार अन्य कांग्रेस नेताओं– शशि थरूर, मनीष तिवारी, अमर सिंह और सलमान खुर्शीद को प्रतिनिधिमंडलों में शामिल किया गया है, उन्हें पार्टी की मंजूरी के बिना मनमाने तरीके से नामित किया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'एक मिशन। एक संदेश। एक भारत। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रमुख देशों से संपर्क करेंगे, जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे सामूहिक संकल्प को दशार्ता है।' ज्ञात हो कि सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व निम्नलिखित सांसद करेंगे : कांग्रेस नेता शशि थरूर, भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद, जेडीयू नेता संजय कुमार झा, भाजपा नेता बैजयंत पांडा, डीएमके नेता कनिमोझी करुणानिधि, एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले और शिवसेना नेता श्रीकांत एकनाथ शिंदे।



उदय किशोर साह

## गुमान

कविता

किस बात पे करता है जगमें जीवन पे गुमान
ये जीवन है पानी का बुलबुला ये है बेईमान
कब साथ छोड़ भाग जायेगा मत कर अभिमान
कोई कभी बता ना पाया है कैसा है ये जहान

कल तक लगाता था चन्दन का टीका बना था महान
आज बेसुध सोया है कब्र में तन की भूला है पहचान
कफन भी तन का साथ छोड़ आया है वाह रे इन्सान
मिट्टी से बना था मिट्टी में समां आया ये है तेरी जहान

घर संसार है मृगतृष्णा का व्यापार सब धरा रह जायेगा
धन दौलत सब है गैरों का गैरों में ही बँट लुट जायेगा
कोई कब इसे साथ ले कर जाया है हर कोई ये जानत है
धरती का है ये सब धरती को लौटाया है हर कोई मानत है


झुठा है गौरव झुठी ये शान झुठे मिट्टी से बना जहान
झुठे का खेल झुठे से मेल मानव है जहाँ कुछ अनजान
झुठा है चोला झुठा है ये मौला झुठे का है जग में परवान
झुठा नाम झुठा है सब काम झुठे का है ये पल भर मान

क्यूं करता है रे मानव झुठे का दिखावा व अभिमान
सब जानत है इक दिन जाना है जीवन है बड़ा बेईमान
ईर्ष्या द्वेष का जग में क्यूं करता है जग यहाँ व्यापार
पल में प्रलय हो जायेगी झुठा नींव से बना है संसार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अनायास ही नहीं किया गया कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान


तनवीर जाफरी





मध्य प्रदेश सरकार का विजय शाह नामक एक मंत्री इन दिनों अपनी बदजुबानी को लेकर चर्चा में है । यह व्यक्ति मध्य प्रदेश की हरसूद विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की हैसियत से लगातार आठ बार विधायक चुना जा चुका है। उस ने पिछले दिनों भारत पाक तनाव के दौरान हुये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में भारतीय सेना का पक्ष रखने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अत्यंत विवादित और आपत्तिजनक बयान दे दिया जिससे देश के आम लोगों से लेकर अदालत तक घोर गुस्से में आ गई। इस बड़बोले मंत्री ने एक सार्वजनिक सभा में कर्नल सोफिया को ₹आतंकियों की बहन₹ बताया और उनके बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। पहलगाम में हुये कायराना आतंकी हमले का संदर्भ देते हुये विजय शाह ने एक जनसभा में कहा कि ₹जिन लोगों ( आतंकवादियों ) ने हमारी बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था, मोदी जी ने 'उन्हीं की बहन' भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करा दी ।₹ निश्चित रूप से यह बयान न केवल उस मंत्री के अज्ञान को दशार्ता है बल्कि इस तरह का बयान देकर उसने कर्नल सोफिया कुरैशी की बहादुरी उनकी राष्ट्रभक्ति और भारतीय सेना में उनके योगदान का भी अपमान किया। हालांकि अपनी इस अति विवादित टिप्पणी के बाद देश में उसके विरुद्ध उपजे आक्रोश को देखते हुये उसने मुआफी मांग ली और कहा कि अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। परन्तु मंत्री के इस बयान पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उसके विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। परिणाम स्वरूप इंदौर जिले के महू के मानपुर थाने में उसके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने भी मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए और ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह द्वारा, दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग पर अंतरिम राहत देने से भी इनकार कर दिया और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर रोक लगाने से भी मना कर दिया। जिस कर्नल सोफिया कुरैशी को उसने ₹आतंकियों की बहन₹ बताकर अपमानित किया जरा उसकी पारिवारिक पृष्ठ भूमि पर भी नजर डालिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोफिया कुरैशी के परदादा मोहम्मद गौस अंग्रेजों की सेना में बड़े पद पर तैनात थे परन्तु 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जोकि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण जन-आंदोलन था, उसी दौरान वे ब्रिटिश सेना छोड़कर देश के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गये। इसी तरह कर्नल सोफिया के दादा मुहम्मद हुसैन भारतीय सेना में सेवारत थे। बाद में सोफिया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी भी भारतीय सेना में इलेक्ट्रॉनिक एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स कोर में कार्यरत रहे और 1971 के भारत पाक युद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतना ही नहीं बल्कि कर्नल सोफिया कुरैशी के एक चचा इस्माइल कुरैशी भी भारतीय सीमा सुरक्षा बल में सूबेदार थे। और उनके एक और दूसरे चाचा वली मुहम्मद कुरैशी आज भी सीमा सुरक्षा बल में सूबेदार के पद पर तैनात हैं। अब कर्नल सोफिया कुरैशी तो स्वयं भारतीय सेना में हैं ही साथ ही उनके पति कर्नल ताजुद्दीन भी भारतीय सेना में ही हैं और मेकेनाइज्ड इंफेंट्री में अधिकारी हैं। यही नहीं बल्कि कर्नल सोफिया कुरैशी का बेटा 18 वर्षीय समीर कुरैशी है और वह भारत की वायुसेना में शामिल होने के लिए परीक्षा दे चुका है जबकि उनकी बेटी हनीमा कुरैशी भी वायुसेना में पायलट बनने की तैयारी कर रही है। कर्नल सोफिया कुरैशी की तुलना विजय शाह जैसे अनेकानेक उन नफरती चिंटुओं की पारिवारिक पृष्ठभूमि से करके देखिये तो स्वयं पता चल जायेगा की वास्तविक देशभक्त और पेशेवर नफरतबाजों की देशभक्ति में कितना अंतर है। कर्नल सोफिया व उनके परिवार से जुड़े राष्ट्रभक्ति के और भी अनेक किस्से हैं। परन्तु ऐसे महान देशभक्त योद्धा परिवार को अपमानित करने में इस 'संस्कारी नफरती मंत्री' ने कोई समय नहीं गंवाया। परन्तु स्वयं को चौतरफा जलील होता देख अब न केवल मुआफी मांगता फिर रहा है बल्कि मंत्री होने के बावजूद लुका छुपा भी फिर रहा है। इसको यह भी नहीं पता कि कर्नल सोफिया पिछले दिनों हुये ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान युद्ध के मोर्चे पर नहीं गयी थीं बल्कि उन्हें व उनके साथ भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह को भारतीय सेना द्वारा देश की साम्प्रदायिक एकता तथा आतंकयों द्वारा पर्यटकों का धर्म पूछ कर चुन चुन कर मारे गये पुरुषों का ऑपरेशन सिन्दूर के द्वारा बदला लिये जाने के प्रतीक स्वरूप मीडिया के सामने प्रवक्ता के रूप में पेश किया गया था। जबकि 'अज्ञानी मंत्री' कर्नल सोफिया को युद्ध मोर्चे पर लड़ने वाली बता रहा था? ऑपरेशन सिन्दूर में कर्नल सोफिया ने प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया था। यह पहला अवसर नहीं था जबकि दक्षिणपंथी हिंदूवादी विचारधारा के किसी नेता ने इसतरह की बात कर धर्म विशेष के लोगों को अपमानित किया हो और न ही अपनी बदतमीजी व बदजुबानी के लिये मुआफी मांगने वाला यह कोई पहला व्यक्ति था। बल्कि सही मायने में इस तरह की नफरती बातें करना और चारों और से थूके जाने पर मुआफी मांग लेना यह सब बातें इनके संस्कारों में शामिल हैं। संसद से लेकर जनसभाओं व प्रेस वार्ता तक में यह जहरीले लोग अक्सर ऐसी बातें करते सुने व देखे जाते है। दरअसल इनके नफरती संस्कार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक रहे माधवराव सदाशिव गोलवलकर के विचारों से प्रेरित हैं जोकि अपने लेखन और भाषणों में मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों को भारत के लिए खतरा, ₹आंतरिक दुश्मन₹ और ₹राष्ट्र के तीन दुश्मन₹ के रूप में बताया करते थे। इनसे प्रेरणा प्राप्त नफरती व विषवमन करने वालों को न तो अशफकुल्लाह खान की कुबार्नी की अहमियत का अंदाजा है न ही सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के जनरल शाहनवाज खान की बहादुरी व अदम्य साहस का। इन्हें न ही ब्रिगेडियर उस्मान की कुर्बानियां नजर आती हैं न ही वीर अब्दुल हमीद का बलिदान न ही न ही देश को परमाणु शक्ति बनाने वाले मिसाईल मैन भारत रत्न ए पी जे अब्दुलकलाम का भारतीय रक्षा क्षेत्र में किया गया योगदान। जिनके आदर्श गोलवरकर और मुआफी वीर सावरकर व गाँधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे जैसे लोग हों उनसे कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान अनायास ही हुआ है, ऐसा हरगिज नहीं कहा जा सकता। संपर्क:9896219228

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बनें झोपड़ियों पर प्रशासन ने चलवाया बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**पथरा/सिद्धार्थनगर।** बांसी तहसील के पथरा थाना क्षेत्र में रविवार को प्रशासन ने अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। नायब तहसीलदार महबूब आलम के नेतृत्व में राजस्व दल ने सरकारी जमीन पर बनी 10 झोपड़ियों को ध्वस्त कर दिया

बांसी-डुमरियागंज मार्ग से लगी उत्तर दिशा में स्थित गाटा संख्या 325 की यह भूमि 0.123 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली है। राजस्व विभाग के अनुसार यह जमीन खाद गड्ढे के लिए आरक्षित है। इस पर गांव के 11 लोगों ने अवैध निर्माण कर रखा था।

कार्रवाई में विष्णु, प्रमिला, हरिवंश, रामदास, गंगाराम, कृष्णभान, राजेश, सुभाष, गोविंद, एकादशी और तुलसीराम के निर्माण को हटाया गया। दिव्यांग संतराम को मानवीय आधार पर छूट दी गई।

प्रमिला देवी का कहना है कि उनका घर 30 साल पुराना था और बिना नोटिस के कार्रवाई की गई। हालांकि, नायब तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि एक ग्रामीण की शिकायत पर धारा 67अ के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई।

प्रशासनिक टीम में राजस्व निरीक्षक कन्हैया सिंह, लेखपाल हरवजीत, विपुल तिवारी, श्याम किशोर पांडेय, सुनील यादव और श्रवण कुमार मौजूद थे। एसएचओ भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में अपराध निरीक्षक अवधेश पांडेय सहित पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहा।

# सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का हुआ समापन भंडारा कल

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा नरेंद्राभादेमें बूडा माईके पवित्र स्थल पर चल रहीसंगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्त दिवसीयकथा का सातवें दिन समापन हुआ कथा व्यास दिशा शास्त्री ने कथा के अंतिम दिन रुक्मणी विवाह श्री कृष्णा के परम मित्र सुदामा चरित्र का चित्र वर्णन करते हुएकथा का समापन किया जिससे भक्तगण भाव प्विभोर हो गए रुक्मणी विवाह को भक्ति गीतों के साथ दिशा शास्त्री ने सुनाते प्रस्तुत किया जिससे वातावरण गूंजमानहौ उठा श्रोतागण भाव ऐश भगवान विभोर हो गए जिससे वातावरण गूजमानजमान हो गया इस धार्मिक आयोजन से न केवल ग्रामीणों को आध्यात्मिक ऊर्जा से प्रारंभ एकता और संस्कृति को जीवितकर दिया ग्रामीणों ने पूरे मनोयोग से भाग लिया और पूरे सप्ताह कथा पंडाल में भक्तिका माहौल बनाए रुक्मणी विवाह को देखकर श्रोताभक्ति गीतगीत मस्त हो झूमने नाचने गानेलगे कल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें अधिक से अधिकसंख्या में पहुंचकर भगवान के भंडारे मेंप्रसाद ग्रहण करें भंडारे में ग्राम वासी भारी सहयोग प्रदानकरें इस पावन अवसर पर अवसर पर बृजनंदन तिवारी संत कुमार दुबे राजेश उपाध्याय पवन कुमार पाठक जसवंत सिंह बद्री विशाल सिंह उज्जवल सिंह युवराज सिंह शिवम सिंह सत्यम सोनी आदि सैकड़ो ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# गागलहेडी थाने के प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**राजीव चौधरी सहारनपुर/गागलहेडी।** गागलहेडी थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में नवनियुक्त थाना प्रभारी विनोद कुमार ने गागलहेडी थाना क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति,व ग्राम प्रधानों के साथ मीटिंग की। गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कानून व्यवस्था को सुचारू से चलाना है साथ ही जनता की समस्याओं का जल्द समाधान करना है। उन्होंने क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए कहा उन्होंने कहा अपराध नियंत्रण के लिए क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी। अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि माता पिता सड़कों पर अपने नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने दे अन्यथा ऐसा कुछ पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कार्यभार संभालने के बाद स्पष्ट कहा कि उनकी प्राथमिकता नशा तस्करी, गौकशी और महिला अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाना है उन्होंने कहा, ‟अपराधियों को किसी भी सूरत में नहीं बक्सा जाएगा।

# दिल्ली में भारतीय बॉलीवुड अभिनेत्री सुश्री पूनम ढिल्लो द्वारा अपने कर कमलों से विजनरी इंडियंस अवॉर्ड्स 2025 शील्ड से सम्मानित किया

वेलकम इंडिया






नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद के अशोक कुमार गुप्ता,जो नागरिक सुरक्षा में भीष्म पितामाह के नाम से प्रख्यात हैं,उनके संगठन में किये गये कार्य, समाज सेवा एवं अन्य अद्भुत कार्य के लिए उन्हें आज दिनांक 18 मई 2025 को ‟रंग-भवन ऑडिटोरियम‟, आकाशवाणी भवन,संसद मार्ग,नई दिल्ली में भारतीय बॉलीवुड अभिनेत्री सुश्री पूनम ढिल्लो द्वारा अपने कर कमलों से विजनरी इंडियंस अवॉर्ड्स 2025 शील्ड से सम्मानित किया गया।ज्ञात हो श्री अशोक कुमार गुप्ता दो बार महामहिम राष्ट्रपति के पदक से,एवं दो बार भारत सरकार के डी0जी0सी0डी0 डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हो चुके हैं। एक बार वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 750 से अधिक से संस्थाओं द्वारा प्रशस्ति पत्र और शील्डों से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा अपने असाधारण सामाजिक कार्यों के लिए विभिन्न बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी उनका नाम दर्ज है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मलय पिट,डॉ बी के जैन एवं ध्यान योगी श्री ओम दास जी महाराज मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ तिलक तंवर,एवं आर जे आरती मल्होत्रा की ने किया।

# केजीबीवी व बीआरसी उसका बाजार का बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**उसका,सिद्धार्थनगर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व ब्लाक संसाधन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार ने अभिलेखों को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। बीएसए निरीक्षण के लिए केजीबीवी पहुंचे तो कक्षाएं व्यवस्थित चल रही थी। उन्होंने ने छात्राओं से विज्ञान में स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रश्नों के साथ अन्य विषय की जानकारी लिया। बीएसए ने किचेन, भंडार कक्ष, शौचालय व छात्राओं के आवासीय व्यवस्था का निरीक्षण किया। साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त पायीं गईं। उन्होंने यहां स्थापित स्टेम लैब को सक्रिय रखने, अभिलेखों को व्यवस्थित रखने और खेल गतिविधियों को कराए जाने का निर्देश दिया।

# एनटीपीसी लिमिटेड के द्वारा गांव निःशुल्क स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया




**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदम्बिका पाल का सपना स्वस्थ रहे सिद्धार्थनगर अपना के बैनर तले आज निःशुल्क स्वास्थ शिविर की शुरूआत शनिवार को शोहरतगढ़ तहसील के जोगीबारी और परिगवा गांव से प्रारम्भ हो गई। एनटीपीसी लिमिटेड के सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत 25 शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शरीर का सामान्य परीक्षण, रक्त की जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच, नाक, कान, गला और हड्डी की जांच हो रही है। वहीं सबको मुफ्त दवा और चश्मा दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक गांव में 15 सदस्यों का दल जा रहा है और सभी लोगों का परीक्षण किया जा रहा है। शिविर में दवाओं का वितरण स्वास्थ्य विभाग की तरफ से किया जा रहा है। साथ ही एनटीपीसी लिमिटेड कमजोर आंखों वाले सभी व्यक्तियों को निःशुल्क चश्मा भी दे रहा है। शनिवार को दोनों शिवरों का उद्घाटन सांसद पाल की अनुपस्थिति में उनके पुत्र अभिषेक पाल ने ग्राम प्रधान परिगवां राजेन्द्र शर्मा और ग्राम प्रधान जोगीबारी नितेश सिंह के साथ किया। इसमें मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि तथा कार्यक्रम प्रभारी एसपी अग्रवाल, सहप्रभारी उमेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, गंगा मिश्रा, नीरज सिंह, पद्माकर शुक्ला, जितेन्द्र चौधरी, प्रिंस शर्मा, गुड्डू सिंह, विजय कश्यप, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, महामंत्री संजय कुमार दूबे, अमरेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहें।

# बैजनाथ व असौ में ब्लॉक स्तरीय योग शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देश पर बैजनाथ व असो में ब्लॉक स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया। बैजनाथमन्दिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहनी के द्वारा किया गया। शिविर में योग अनुदेशक जसवंत सिंह एवं दिगंबर सिंह के द्वारा कॉमन योगा प्रोटोकॉल को फॉलो किया गया जिसमें भुजंगासन ,ताड़ासन, पवनमुक्तासन ,सेतु बंद आसन, कपालभाति,अनुलोम विलोम भ्रामरी आदि प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय सक्सेना,नोडल अधिकारी गरुड़ डॉक्टर गौरव अग्रवाल ,डॉक्टर ईश्वर प्रकाश ,डॉ सिद्धार्थ मंडल, डॉ बिपिन चंद्र ,डॉ आरती सेमवाल ,डॉ वार्ता अग्रवाल ,डॉ कृपाल सिंह, विकास नेगी, सुमन भट्ट, पूजा पोखरियाल, कुसुम भट्ट ,मनोज मेहता, बलवंत सिंह, प्रेमा मिश्रा, प्रेमा देवी एवं गरुड़ के गणमान्य लोगों सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति रही ।उधर असौ में आयोजत कर्यक्रम में भी लोगो को योग एवं आयुर्वेद की जानकारी दी गई।जिसमे दर्जनों लोगों ने प्रतिभाग किया।

# एसएसपी ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में पुलिस-फोर्स के साथ किया पैदल मार्च



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सदृढ़ करने के लिए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में पुलिस-फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया। आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर उपस्थित रहें।

## सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल गस्त



बुलंदशहर अहार क्षेत्र में सी ओ अनूपशहर के नेतृत्व में शौर्य यात्रा से पहले निकाला फ्लैग मार्च । दोपहर बाद क्षेत्राधिकारी अनूपशहर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए मां अवंतिका देवी मंदिर परिसर,अम्बकेश्वर महादेव मंदिर परिसर और देवी मां चौराहे पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, ब्रजेश सिंह,हेड कांस्टेबल सनोज कुमार, गौतम सिंह, सिपाही रोहताश सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# हमारी सेना ने वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान की सेना को घुटनों पर ला दिया: अभिषेक पाल





वेलकम इंडिया

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** ऑपरेशन सिंदूर में सेना के विजय और पाकिस्तान में स्थापित आतंकवादी अड्डों को निस्तोनाबूद करने की खुशी में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित शोहरतगढ़ विधानसभा के नगर पंचायत शोहरतगढ़ में गड़ाकुल तिराहे से भारत माता चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा की अगुवाई स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल के पुत्र अभिषेक पाल ने किया। वहीं भव्य तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में पैदल चलते हुए देशभक्तों ने भारत माता की जय और भारतीय सेना की जय के नारे लगाएं। जोश से लबरेज तिरंगा यात्रा में शामिल देशभक्तों ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर हमे अपने सेना पर गर्व है के नारे लगाते हुए पूरे नगर में भ्रमण किया। शोहरतगढ़ तिरंगा चौराहा से निकली यह भव्य तिरंगा यात्रा पूरे शहर का भ्रमण करते हुए भारत माता चौक पर समाप्त हुई। इस मौके पर अभिषेक पाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत की सेना ने पाकिस्तान के ऊपर हमला कर जिस तरह आतंकवाद के चल रहे अड्डों को तबाह किया है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमारे सेना के शौर्य की जितनी भी तारीफ की जाये, वह कम है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान की सेना को घुटनों पर ला दिया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के ऊपर उठने वाली हर नापाक हरकत का मुंह तोड़ जवाब दिया जायेगा। अगर पाकिस्तान अपनी हरकतों से अभी बाज नहीं आता है, तो हमारी सेना और हमारी सरकार वह सब कुछ कर गुजरने को तैयार है, जिसकी हम सब भारतीय तमन्ना करते हैं। नगर पंचायत प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि कहा कि इस तिरंगा यात्रा से हम घर-घर तक यह बात पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं कि हमारी सेना ने पाकिस्तान का कितना नुकसान किया है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, नगर अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, एमएलसी प्रतिनिधि/जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन डा0 पवन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विनीत कमलापुरी, समाजसेवी सन्तोष पासवान, निसार अहमद, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय उर्फ पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष राधे बाबा, प्रिंस शर्मा, राघवेन्द्र मिश्रा, गुड्डू सिंह, समाजसेवी धनन्जय सिंह, रिंकू पाल, अमरिंदर सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, पद्माकर शुक्ला, संजय कुमार दूबे सतीश सिंह मण्डल अध्यक्ष शिव शक्ति शर्मा, गंगा मिश्रा, ध्रुव चतुर्वेदी, रोहित गुप्ता आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कांडा अस्पताल में तैनात फिजिशियन को बैजनाथ अस्पताल भेजने पर लोगों में नाराजगी

वेलकम इंडिया



**कांडा,** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांडा के फिजिशियन को बैजनाथ अस्पताल भेजे जाने से नाराज कांडा क्षेत्रवासियों ने नाराजगी जताई है। वर्षो बाद एक फिजिशियन की नियुक्ति होने के बाद अब अचानक उनका तबादला अन्यत्र अस्पताल में किए जाने से लोगों में रोष है। लोगों ने इसे क्षेत्र की उपेक्षा समझते हुए कहा कि कांडा की जनताकी स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे है।अब लोगों ने इसको लेकर जनता के साथ आंदोलन करने की बात कही है। महिला कांग्रेसजिलाध्यक्ष और निर्वतमान जिपं सदस्य गोपा धपोला ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कांडा कमस्यार की जनता के साथ भेदभाव व अन्याय करने की बात कही हैं।उन्होंने कहा कि न यहां महिला चिकित्सक है। अल्ट्रासाउंड के नाम पर एक पोर्टेबल मशीन है चिकित्सक नहीं है, जिस वजह से गर्भवती महिलाओं को मजबूरी में महिला रोग विशेषज्ञ को रिपोर्ट दिखाने बागेश्वर जाना पड़ता है।सप्ताह में एक दिन ही अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था होती है।अस्पताल में एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने से क्षेत्रीय जनताइलाज के लिए भगवान भरोसे रहती है।उन्होंने अस्पताल में तैनात फिजिशियन को राजनीतिक दबाब में बैजनाथ भेज दिए जाने के आरोप लगाते हुए कांडा तहसील के अंतिम छोर पर स्थित टकनार भैसुड़ी मलसूना चंतोला नरगोली धारी देवलबिछराल तुषरेड़ा ठांगा कपूरी रावतसेरा सानीउडयार क्षेत्र की हजारों की जनता के स्वास्थ्य के साथ कुठाराघात करने के आरोप लगाते हुए पुनः फिजिशियन की अस्पताल में तैनाती की मांग की। सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने के बाद भी शिक्षा व स्वास्थ्य के मुद्दे पर सरकार को फेल बताया हैं। वही चिकित्सक को कांडा में वापसी भेजने के साथ ही अन्य चिकित्सक भेजे जाने की मांग की है। इसी आशय का एक ज्ञापन सीएमओ व जिलाधिकारी को भेजा है।और जल्द चिकित्सक को पुनः वापस नही भेजने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

वही पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने भी इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कांडा से बैजनाथ या फिर कहीं और अस्पताल से ब्यवस्था पर फिजिशियन भेजे जाना यह न्यायसंगत नहीं है इससे कर्मचारी को भी तनाव का सामना करना पड़ता है जनता को भी सही सेवा नहीं मिल पाती हैं।सरकार को चाहिए कि चिकित्सकों की स्थाई तैनाती सभी चिकित्सालयों में करें जिससे बेहतर सेवा लाभ जनता को मिले कांडा की जनता विषय भौगोलिक परिस्थितियों में वा करती हैं फिजिशियन की तैनाती कांडा में बहुत जरूरी हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुमार आदित्य तिवारी ने बताया कि बैजनाथ अस्पताल में इन दिनों मरीजों की भीड़ बढ़ी हुई है यहां गढ़वाल क्षेत्र के लोग भी पहुंच रहे हैं।मरीजो को इलाज की उचित व्यवस्था मिले इसीलिए चिकित्सक को कुछ दिनों तैनाती पर कांडा से बैजनाथ भेजा गया हैं। चिकित्सको की नियुक्ति की मांग करने वालों में मांग करने वालों में निर्वतमान जिप सदस्य गोपा धपोला सामाजिक कार्यकर्ता दीप कांडपाल, गंगा लाल वर्मा, आलम सिंह मेहरा, प्रकाश नगरकोटी, नवीन रौतेला, जीवन धपोला, दीप कांडपाल, सुनील रावत, अनिल रौतेला, सुरेश रावत, प्रकाश भट्ट, राजेंद्र राठौड़ बंशीधर कांडपाल महेश पंत अर्जुन भट्ट आदि है।

# आईआईएम लखनऊ करेगा वाटरशेड परियोजना पर केस स्टडी

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर शनिवार को आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर ने जनपद बुलंदशहर में संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास घटक योजना का निरीक्षण किया।

जिला कृषि अधिकारी/ प्रभारी भूमि संरक्षण अधिकारी राम कुमार यादव द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत जनपद के जल संकट व अति दोहीत क्षेत्र में वर्षा जल संग्रहण, भूमि सुधार, मृदा संरक्षण, बहुउद्देशीय कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 9 माइक्रो वाटरशेड कोड मे संचालित है तथा ग्रामीण आजीविका को स्थायित्व प्रदान करने के लिए यह योजना मिल का पत्थर साबित हो रही है। भूमि संरक्षण इकाई द्वारा तालाबों का जीणोद्धार कराया जा रहा है। जिससे बारिश के दिनों में तालाब में पानी की पर्याप्त मात्रा रहे, जिससे भूमिगत जल स्तर में वृद्धि तो होगी ही तथा इसका उपयोग किसान भाई फसलों में सिंचाई के साथ-साथ मत्स्य पालन, सिंघाड़े की खेती, मोती पालन भी कर सकते हैं। इस योजना के तहत जल संरक्षण के साथ कृषक केंचुए की खाद, पशुपालन पालन, मोती पालन, जैविक खेती, फूलों की खेती, बागवानी, बकरी पालन आदि एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाते हुए अपनी आय दुगनी कर रहे हैं साथ ही महिलाएं भी इस योजना का लाभ उठाकर स्वाभिलंबी बन रही हैं।

भूमि संरक्षण इकाई द्वारा ग्राम धमरा कीरत के कृषक अशोक कुमार के यहां तालाब का निर्माण करवाया गया, जिला कृषि अधिकारी रामकुमार यादव द्वारा कृषक को मछली पालन करने हेतु प्रेरित किया, अब वह मछली पालन के साथ-साथ मोती पालन का कार्य भी कर रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी रामकुमार यादव द्वारा बताया गया कि मोती पालन हेतु इच्छुक कृषक बेंगलुरु एवं कोलकाता से सीप को मंगवा सकते हैं तथा सावधानी पूर्वक सीप का मुंह खोलकर उसमें कैल्शियम डालकर, उन्हें तालाब में डालने के बाद 18 से 24 महीने में मोती बनकर तैयार हो जाती है, इन आर्टिफिशियल मोतियों का विक्रय करते हुए कृषक अपनी आय दुगनी कर सकता है। ढ१ङ्गा. र. शैल्लह्यं३१ल्र्ल्ँ, ककट लखनऊ ने भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा कराई जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि आईआईएम लखनऊ द्वारा वाटरशेड विकास का ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पर केस स्टडी की जाएगी।

# महिला पुलिस कर रही जागरूक किया



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के क्रम में आज दिनांक 18-05-2025 को जनपद के थानो की मिशन शक्ति/एंटी रोमियों पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में जाकर बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु तथा बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष सहित विधायकों ने भरा जोश, सड़कों पर हजारों की भीड़ ने भारतीय सेना के अदम्य साहस-शौर्य को किया नमन

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद जोश हाथरस की सड़कों पर दिखाई दिया, हजारों की संख्या में राष्ट्रभक्तों ने अदम्य साहस और शौर्य को समर्पित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा बागला इंटर कॉलेज से निकाली गई। हर हाथ में तिरंगा था, मुट्ठीबंद हाथ उठते और जोशीली आवाज में भारत माता के जयकारे गूंज उठते, यात्रा में शामिल हर कोई जोश में दिखाई दे रहा था, कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय बागला इंटर कॉलेज के मैदान में लगाए गए विशाल पंडाल में एकत्रित होकर की गई, भारत शौर्य तिरंगा यात्रा बागला इंटर कॉलेज से शुरू होकर सासनी गेट चौराहा कमला बाजार , गुड़ीहाई बाजार, सराफा बाजार, चुनावाला डंडा, आगरा रोड होते हुए शहीद पार्क पर समाप्त की गई ,शहर के मुख्य मार्गों पर देशभक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा, लोगों ने भारतीय सेना के सम्मान में देशभक्ति के जोशीले नारे लगाए। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् के गगन भेदी नारे गूंजते रहे, हजारों की संख्या में राष्ट्रभक्तों की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा कमला बाजार चौक पहुंची तो लोगों ने फूलों की वर्षा की, इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता, प्रबुद्ध जन, व्यापारी, भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, विभिन्न कॉलेज के छात्र, भाजपा के जन-प्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल हुए, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह गुरुजी उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सेना के वीर जवानों ने साहस, समर्पण और पराक्रम से देश की सुरक्षा की। वह हम सभी के लिए प्रेरणा है। इस यात्रा के माध्यम से उनके शौर्य को नमन करते हुए, हमने यह संकल्प लिया कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हम सदैव तैयार रहेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में सहभागिता कर गर्व की अनुभूति हुई। यह तिरंगा यात्रा आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित थी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दृढ़ नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है, तिरंगा यात्रा को अभिमान और सम्मान का प्रतीक बताया ,कार्यक्रम को सांसद धर्मपत्नी लक्ष्मी प्रधान वाल्मीकि, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, सिकंदराराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, सहित जनपद के कई जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

# बुकलाना फीडर में लगातार 3 दिनों से फाल्ट ग्रामीणों को रातभर जागकर काटनी पड रही रात

**बुगरासी।** शुक्रवार 16 मई को दिन छिपते ही बुकलाना फीडर मे फाल्ट हो गया जिससे ग्रामीणों में खलबली मच गई क्योंकि उक्त फीडर में 3 दिनों से लगातार फाल्ट हो रहे हैं जिसके कारण ग्रामीणों को रात जागकर काटनी पड रही हैं।बुकलाना फीडर पर तैनात लाईन मैन प्रमोद कुमार का कहना है कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर अथक मेहनत के बाद फीडर का फाल्ट दूर कर बुकलाना फीडर की विघुतापूर्ति चालू कर दी गई। उक्त लाईन मैन के कार्यो की सराहना कर रहे हैं ग्रामीण।

# बुगरासी मे शराबियों का आतंक

**बुगरासी।** शनिवार को बुगरासी मे दौलतपुर स्टैंड पर दो शराबी भिड गये जिससे खासी भीड़ जमा हो गई। शनिवार को बुगरासी मे दौलतपुर स्टैंड पर बाजार लगता है।हर हफ्ते की तरह शनिवार को भी बाजार लगा था।शाम साढे पांच बजे एक ही गांव के तीन शराबी आ धमके और आपस में भिडते भिडते एक बाइक के सामने आ गये बाइक सवार ने शराबी की अच्छी खातिर कर दी जिससे मौके पर भीड जमा हो गई। मौके पर खडी भीड ने शराबियों को समझा बुझाकर भेज दिया।मगर नशे में धुत शराबी समाचार लिखे जाने तक वहीं मढरा रहे थे।अब जनता बेचारी करे तो क्या करे पुलिस क्योंकि नशैडियो को हवालात में बंद करना नही चाहती है कभी कुछ हो जाय और जान आफत में आ जाय।अब जनता बेचारी क्या करे किससे शिकायत करे।इसी कारण शराबियों की गुंडई चलती रहती है।

# पिंडरा तहसील : हाईकोर्ट से स्टे ,फिर भी दबंगों ने करवा लिया खड़ंजे का निर्माण

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद ।** पिंडरा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ागांव के बिसईपुर में जिस विवादित भूमि पर हाईकोर्ट से स्टे है, उसी भूमि पर तहसील प्रशासन एवं स्थानीय बड़ागांव पुलिस की सह पर दबंगों ने खड़ंजे का निर्माण करवा लिया। इस मामले में पीड़ित ने तहसील प्रशासन से लेकर पुलिस तक गुहार लगाया, परंतु उसकी सुनवाई कहीं नहीं हुई। सच पूछिए तो पिंडरा तहसील प्रशासन द्वारा फरियादियों को न्याय दिलाने के बजाय उनको अपमानित करने के साथ शोषण का सिलसिला तेजी से चल रहा है। इसीलिए तो अधिवक्ता भी लामबंद होकर एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा तथा एसडीएम न्यायिक प्रज्ञा सिंह को तहसील से हटाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। फरियादी न्याय के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं।

# नगीना देहात में धारदार हथियार से किया हमला अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नगीना देहात थाना नगीना देहात क्षेत्र में एक गंभीर घटना सामने आई है, जहाँ वादी के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से वार किया गया। मामले की तहरीर पुलिस को प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभियुक्त संदीप पुत्र रमेश उर्फ रामे निवासी ग्राम कोटकादर थाना नगीना देहात तथा अन्य तीन साथी मिलकर वादी के साथ मारपीट और गाली-गलौच की। घटना में वादी घायल हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। थाना नगीना देहात पुलिस ने बताया कि अभियुक्त संदीप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है और बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उचित कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त की जानकारी नाम संदीप पुत्र रमेश उर्फ रामे पता ग्राम कोटकादर, थाना नगीना देहात, जनपद बिजनौर गिरफ्तारी में शामिल पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक दीपक कुमार, मुख्य आरक्षी रविन्द्र कुमार, आरक्षी आशीष धामा, एवं मुख्य आरक्षी सुनिल मलिक ने अभियुक्त को दबोचा। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे आपराधिक घटनाओं की सूचना समय पर पुलिस को दें, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अपराधियों को दंडित किया जा सके।

# धार्मिक स्थलों पर वाहन पार्किंग के अवैध बसूली को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने की बैठक

वेलकम इंडिया

**बुलन्दशहर।** जनपद बुलन्दशहर क्षेत्र के यमुनापुरम कॉलोनी में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पीताम्बर शर्मा (प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मेला प्रांत) ने बताया कि बुलन्द ?शहर जनपद के धार्मिक स्थलों में भी वाहन पार्किंग के अवैध बसूली हो रही है। तो, इसका संज्ञान संगठन के द्वारा लिया जायेगा। रविवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री भूपेश त्यागी एवं प्रांत अध्यक्ष डॉ विपिन गुप्ता द्वारा बताया गया की उनके संगठन के पदाधिकारी को काफी समय से उत्तर प्रदेश के तीर्थ स्थानों में पार्किंग स्टैंड पर हो रही अनियमितताओं के बारे में शिकायतें मिल रही है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गढ़ मुक्तेश्वर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बृजघाट में इसी तरह की अनियमितताएं हो रही है ब्रजघाट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से पार्किंग हेतु वाहन पार्किंग में लूट खसोट हो रही है , श्रद्धालुओं से पार्किंग स्टैंड पर निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की जा रही है, जो नियम विरुद्ध है, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने मुख्यमंत्री, लखनऊ, उत्तर प्रदेश सरकार को जिलाधिकारी के माध्यम से इस संदर्भ में अवगत कराने का निर्णय लिया है , और मांग की है की, उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों में पार्किंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली पर यथाशीघ्र लगाम लगे, और संबंधित को कठोर सजा मिले।

# अहिल्याबाई होल्कर ने निष्पक्षता का पालन किया तथा गरीबों और कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा की और उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की : डीपी भारती

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार




**हाथरस।** भाजपा जिला कार्यालय गौशाला रोड पर रानी अहिल्याबाई होलकर अभियान को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता मे जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी डीपी भारती रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय की छवि चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीपी भारती ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर एक महान शासक, समाजसेविका और धार्मिक नेता थीं जिन्होंने 18 वीं शताब्दी में मालवा राज्य पर शासन किया। वह अपनी बुद्धिमत्ता, न्यायप्रियता और धार्मिक सहिष्णुता के लिए प्रसिद्ध थीं, अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 में हुआ था और उन्होंने अपने पति खंडेराव होल्कर की मृत्यु के बाद मालवा राज्य की बागडोर संभाली। उन्होंने अपने शासनकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किए, उन्होंने अपने शासनकाल में न्यायप्रियता और निष्पक्षता का पालन किया। उन्होंने गरीबों और कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा की और उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की, अहिल्याबाई होल्कर धार्मिक सहिष्णुता की प्रतीक थीं। उन्होंने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लिए कई धार्मिक स्थलों का निर्माण करवाया और उनके तीर्थ स्थलों की यात्रा के लिए सुविधाएं प्रदान की, उन्होंने समाज में व्याप्त कई बुराइयों को दूर करने के लिए काम किया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की और उनके लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए। उन्होंने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए कई सुविधाएं प्रदान की और सड़कों और पुलों का निर्माण करवाया, पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी ने 21 से 31 मई तक रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया।

# मोबाइल शॉप में आग लगने से चार लाख का नुकसान

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के रामपुर मार्ग स्थित मोती पार्किंग के सामने जेड ए टेलिकॉम नामक मोबाइल शॉप में शनिवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इस घटना में मरम्मत के लिए रखे मोबाइल फोन, नए फोल्डर और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार ने करीब चार लाख रुपये के नुकसान का दावा किया है।पीड़ित दुकानदार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। क्षेत्र के ग्राम अब्बासपुर निवासी जाबिर पुत्र गुलाम साबिर की रामपुर मार्ग पर मोती पार्किंग के सामने जेड ए टेलीकॉम के नाम से मोबाइल शॉप है।उन्होंने बताया कि रोजाना की तरह शनिवार रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर लौट गए थे। रविवार सुबह जब वह करीब 9 बजे दुकान पर पहुंचे, तो देखा कि अंदर से धुआं उठ रहा है। तुरंत दुकान का ताला खोलकर देखा गया तो भीतर रखा सारा सामान जल चुका था और धुआं निकल रहा था। जाबिर ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीछे की दीवार से ईंटें निकालकर अंदर आग लगाई है। इस कारण शॉप में रखा सारा कीमती सामान मोबाइल, फोल्डर, एक्सेसरीज, चार्जर आदि जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई।

# विश्व संवाद केंद्र ने देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में संपादक प्रेम सिंह को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : विश्व संवाद केंद्र एवं गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में देव ऋषि नारद जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय सशक्तिकरण में पत्रकारिता की भूमिका विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देव ऋषि नारद की भूमिका के बारे में भी बतलाया गया। वे किस प्रकार से देवताओं एवं राक्षसों के बीच पहुंचकर घटना अवगत करवाया करते थे।

संगोष्ठी में मुख्य रूप से अनेकों वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे। डॉ रविंद्र सिंह ने बताया कि पत्रकार सकारात्मक सोच के साथ देश के उतार चढ़ाव में अपना योगदान दे और पत्रकारिता हर देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल विकास ट्रस्ट निर्माण समिति के अध्यक्ष ऋषि राज बड़ाकिया ने शिरकत की। संगोष्ठी की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य ने की। आकाशवाणी केंद्र हिसार के निदेशक ने भी अपने विचार सांझा किए और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर हिसार प्रेम समाचार पत्र के संपादक प्रेम सिंह को भी विश्व संवाद केंद्र के कार्यकताओं द्वारा सम्मानित किया गया। उनके साथ ही शीशपाल वर्मा, बबीता गौड़, रन सिंह पंवार, गुलशन, प्रतिभा, मयंक, प्रवीण, नीरज, धीरज, सचिन, अमित, रमेश एवं पवन सहित अनेकों वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्पादक प्रेम सिंह ने विश्व संवाद केंद्र का इस मान सम्मान के लिए धन्यवाद किया ओर बताया कि यह संस्था पत्रकारों के लिए तो मुख्य रूप से कार्य करती है और उसके साथ देश की प्रगति में भी निरंतर अग्रसर होकर हर जनकल्याण कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करती है। ऐसी समाज सेवी एवं देश प्रेमी संस्था से सम्मानित होना यह एक गौरवशाली पल है। परमात्मा इस संस्था के सदस्यों को ऐसे ही अच्छे कार्य करने की शक्ति दे ताकि ऐसी देश भक्तों की सेवा से हमारा देश प्रगति कर सके।

# अब सच होगा, सबका सपना। दहेज मुक्त होगा, भारत अपना

वेलकम इंडिया

संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में आज दिनांक 18/05/2025 दिन त्ररविवारत्न को दहेज मुक्त समाज के सपने को साकार करते हुए, दिन-प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा पीढ़ी दहेज के सामाजिक कोढ़ को त्यागकर सरलतापूर्वक विवाह कर रही है। इसी कड़ी के तहत रविवार को उत्तर प्रदेश के जिला अमेठी में दहेजमुक्त, फिजूलखर्ची वाली शादी का आयोजन किया गया। जिसके तहत कल्याणम मैरेज हॉल में पूरे बान सिंह निवासी कारोबारी अशोक दास की बेटी सुष्मिता की शादी उत्तर प्रदेश रायबरेली के निवासी राम जी के बेटे वैभव (आकाश) के साथ और अमेठी जिले के जामों में लल्लन दास की बेटी अल्पना की शादी महाराष्ट्र में पद्मा नगर के मुकेश जी के बेटे दीपक से संत गरीब दास जी महाराज की अमृतवाणी के साथ सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।



जिसमें ना कोई बैंड बाजा था, ना बारात, ना घोडी किसी भी तरह का कोई लेन-देन और रीति-रिवाज नहीं देखा गया। सीमित परिवारिक सदस्यों की मौजूदगी में शादी की सभी रस्में महज 17 मिनट में पूरी हो गईं। इस अवसर पर संत रामपाल जी महाराज ने वर्चुअल सत्संग करते हुए कहा कि सामाजिक कुरीतियों और रुढ़िवादी परंपराओं के कारण आम आदमी का जीवन कठिन हो गया है। सुखी जीवन के लिए आज के शिक्षित समाज को इन परंपराओं को त्यागकर सादा जीवन अपनाना चाहिए और सच्ची भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर बातचीत करते हुए नवविवाहित जोडो ने कहा कि संत रामपाल जी महाराज एक ऐसे समाज की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं जिसमें दहेज मुक्त, नशा मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, पाखंड मुक्त, अश्लीलता मुक्त समाज का निर्माण हो और धर्म-अनुसार शास्त्रों के अनुसार, शास्त्रों के आधार पर साधना सिखाकर सच्ची भक्ति प्रदान करना है। आज शिक्षित समाज को इन बातों पर गहराई से विचार करना चाहिए और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए।

# भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने कोतवाल को दी लिखित तहरीर



वेलकम इंडिया

शिकारपुर/बुलंदशहर/फेसबुक पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय पवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के सिर कलम करने पर 5 लाख रुपए का इनाम देने वाले के विरुद्ध कोतवाली शिकारपुर पर लिखित तहरीर देते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तेवतिया ब्लॉक अध्यक्ष केपी सिंह वीरपाल सिंह गंगासरण संजीव चौधरी तैयबपुर रॉबिन चौधरी चीखल आदि के साथ अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी क्षेत्र शिकारपुर उपस्थित रहे।

# विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और उनके समाधान के लिए अनुरोध किया।

विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने मुख्यमंत्री से कहा कि खुर्जा में थर्मल पावर प्लांट लगाया गया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों और गांव में विद्युत सप्लाई की जा रही है, जिसके लिए केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जिन किसानों के खेतों में थर्मल पावर प्लांट से विद्युत सप्लाई के लिए पोल लगाया जाता है, उन्हें 200% मुआवजा और जहां तार जाते हैं वहां 30% मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह मांग केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार है और उत्तर प्रदेश में भी इसे लागू किया जाना चाहिए ।विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने मुख्यमंत्री से अपने विधानसभा क्षेत्र के दो शमशान घाटों के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि इन शमशान घाटों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी और उनकी समस्याएं दूर होंगी ।विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने मुख्यमंत्री से अपने विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को खेल के लिए सुविधा होगी और वे अपने कौशल को विकसित कर पाएंगे। विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने मुख्यमंत्री से चोला क्षेत्र के किसानों की दशकों से चली आ रही मुआवजे की मांग के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इन किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है और उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक लक्ष्मीराज सिंह को आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी और समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# 13 वर्षीय किशोरी लापता, गुमशुदा की तलाश जारी

वेलकम इंडिया



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र इटवा के एक किशोरी लापता हो गया है, जिसकी तलाश जारी है। आपको बता दें कि थाना क्षेत्र इटवा के जोलहाभारी गांव निवासिनी कुशलावती पत्नी अर्जुन कुमार ने बताया कि 13 बर्षीय पुत्री रोशनी वरुण अपने विद्यालय राजदेई देवी इन्टर कालेज मझौवा सिद्धार्थनगर पढ़ने गई थीं, जो अभी तक लौटकर वापस घर नहीं आई है। वहीं रोशनी वरुण का हुलिया में रंग सांवला, आंख नाक कान औसत दुबला पतला वजन कद 3 फुट 6 इंच और पहनावे में समीच नीला और सलवार, दुपट्टा सफेद चप्पल स्लीपर पहन रखी है। वहीं पुत्री रोशनी वरुण के लापता होने से माता और पिता बहुत ही परेशान है। पीड़ित माता और पिता ने आप सभी से विनती करते हुए कहा कि अगर यह किशोरी (रोशनी वरुण) कहीं भी दिखाई दें या किसी के साथ में हो तो (6393414522) इस नम्बर पर सम्पर्क करके बता दें।

# मनीष ठाकुर ने फिटनेस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण और एक सिल्वर पदक जीतकर किया भारत का नाम रोशन

वेलकम इंडिया




बुलंदशहर थाइलैंड में मिस्टर गैलेक्सी अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में करीब 23 देशों के खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर हिसा लिया। प्रतियोगिता में भारत के छोटे से गांव जनपद बुलंदशहर के गांव रामगढ़ लखावटी के रहने वाले मनीष ठाकुर ने बीबीएसए राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर बोहित के नेतृत्व में भारत की ओर से अपना प्रदर्शन दिखाया। मनीष ठाकुर ने भारत का नाम रोशन करते हुए अपनी श्रेणी में भारत के लिए 4 स्वर्ण पदक और 1 सिल्वर पदक लेकर मिस्टर गेलैक्सी बने। इसके अलावा मनीष ठाकुर ने प्रो कार्ड भी अपने नाम किया मनीष ठाकुर के पदक जीतने पर पूरे क्षेत्र और जनपद में खुशी का माहौल है अपनी जीत का श्रेय मनीष ठाकुर ने अपने माता-पिता व परिवार को दिया है और कहा कि आगे भी भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेते रहेंगे और अपने देश और जनपद का नाम रोशन करता रहूंगा।

# बढ़े हाउस टैक्स के खिलाफ आंदोलन करेगी खीरी विकास समिति

वेलकम इंडिया



**मोहम्मद असलम।** खीरी टाउन कस्बा खीरी की नगर पंचायत द्वारा कस्बे में हाउस टैक्स शुल्क में 10 से 20 गुना अधिक बढ़ोतरी का विरोध शुरू हो गया है खीरी विकास समिति इसको लेकर 19 में से हस्ताक्षर अभियान चलाएगी और डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बड़े टैक्स को वापस करने की मांग करेगी। खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रजा पम्मी ने बताया कि बीते दिनों हुई नगर पंचायत की बैठक में खीरी में हाउस टैक्स शुल्क में 10 से 20 गुना बढ़ोतरी कर के यहां की जनता के शोषण की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में तमाम बुद्ध जीवियों से बात करके, इस शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ खीरी विकास समिति सड़कों पर संघर्ष करेगी। उन्होंने बताया कि हस्ताक्षर अभियान चलाकर एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ एक ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेज कर टैक्स बढ़ाने के मंसूबे को रोकने की मांग करेगी। इसी कड़ी में 19 मई से कस्बे भर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक बढ़ावा टैक्स वापस नहीं किया जाएगा।

# सिंभावली पुलिस ने वांछित चल रहे तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सैना में दो पक्षों में हुई फायरिंग पथराव के मामले की सूचना पर गांव में पहुंची पुलिस पर पथराव सरकारी पुलिस जीप को क्षतिग्रस्त करने के मामले में वांछित चल रहे। तीन आरोपियों को सिम्भावली पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है।

आपको बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सैना में प्रधानी की पुरानी रंजिश को लेकर हुई कहासुनी में दो पक्षों में जमकर फायरिंग और पथराव हुआ था। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सिभावली पुलिस ने जैसे ही मोर्चा संभालने की कोशिश की तभी शरारती तत्वों के द्वारा सिंभावली पुलिस पर भी पथराव शुरू करते हुए पुलिस जीप को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिसमें कई पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे थे। जिसको लेकर सिंभावली पुलिस के द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसमें फरार चल रहे। जावेद पुत्र अली जान, मुजिस्म उर्फ जेद पुत्र मतलूब, अफसर पुत्र मुनाफ निवासी सैना को गिरफ्तार कर पुलिस ने विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

# राजपूत समाज ने मनाई सम्राट पृथ्वीराज चौहान व महाराणा प्रताप की जयंती

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज बागपत में राजपूत विकास समिति बागपत के तत्वाधान में सम्राट पृथ्वीराज चौहान एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय प्रार्थना द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर चंद्रमोहन सिंह प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश रहे। उन्होंने कहा कि राजपूतों ने हमेशा राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए लड़ाईयां लड़ी है। महाराणा प्रताप ने युद्ध को नहीं चुना, बल्कि युद्ध ने महाराणा प्रताप को चुना। उन्होंने अपनी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि क्षमा हमारी संस्कृति का हिस्सा है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने गोरी को क्षमा दान दिया। ठाकुर प्रदीप सिंह ने कहा कि हमें बच्चों को शिक्षित करने के लिए आवश्यक कार्य करने चाहिए। नीरज राजपूत ने राष्ट्र वंदना चौक पर ठाकुर रोशन सिंह की मूर्ति लगाने का आह्वान किया। कहा कि परमवीर चक्र में सबसे अधिक पुरस्कार राजपूतो को मिले है। इस अवसर पर राजपूत विकास समिति बागपत के पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व प्रमुख समाजसेवी अजय चौहान, गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत के प्रधानाचार्य अमित चौहान, आचार्य अजीत सिंह, अजीत सिंह गौरीपुर मितली, दीपक चौहान अटेरणा करणी सेना, श्रीनिवास अध्यक्ष, राजेंद्र सिंह प्रबंधक एसपीआरसी डिग्री कॉलेज बागपत आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान का दूसरा चरण

वेलकम इंडिया



**मथुरा/सोंख।** बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर के सौजन्य से सफाई अभियान के दूसरे चरण में दिनांक 18, मई (13वाँ रविवार) पर सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान की शुरूवात, विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह एवं प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, बीरपाल प्रधान, डॉ अशोक, केदार भगत जी, विद्यालय कोऑर्डिनेटर बिपिन सिंह, पंकज चौधरी के द्वारा की गई क

विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह ने कहा कि गोवर्धन एक आस्था ० विश्वास का प्रतीक है, स्वच्छता हर व्यक्ति के लिए एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। हमारे लिए शरीर की भी स्वच्छता बहुत जरूरी है।

बीरपाल प्रधान ने कहा कि गोवर्धन में दिन प्रतिदिन देश झ विदेश के काफी भक्तजन दर्शन के लिए आते है, इस अवसर पर परिक्रमार्थियों ने भी झाड़ू लगाकर हमारे लोगो का उत्साह बढाया, यह अभियान में 06 अगस्त से लगातार चलता आ रहा है, इसमें सभी भक्त जनों का अपार सहयोग, प्यार और आशीर्वाद लगातार मिलता आ रहा है। प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, ने बताया कि दिनांक 11 मई को 26 लोगों के साथ 21 झाडू लेकर परिक्रमा मार्ग में खम्बा नंबर 400 से खम्बा नंबर 435 तक की सफाई की गई। सफाई अभियान में शामिल लोगो के द्वारा वहां के स्थानीय लोगो ० परिक्रमार्थियों को सफाई के महत्व को समझाया। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा प्रण लिया है कि दुसरे चरण में पुनः हर रविवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलता रहेगा क आज के इस सफाई अभियान कार्यक्रम में चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, डॉ. अशोक, बीरपाल प्रधान, हरिओम, केदार भगत जी, विद्यालय कोऑर्डिनेटर बिपिन सिंह, रुक्मेश सिंह, पंकज चौधरी, दाउजी पंडित, उधम, कार्तिक चौधरी उत्कर्ष चौधरी डुग्गू अर्जुन, मनोज, उधम, हरिराम, बेदप्रकाश, ऋषि पंडित, हेमेन्द्र वार्डन, जगदीश, महेश आदि ने स्वच्छता अभियान में सहयोग किया।

# समाज की मजबूत कड़ी हैं फार्मासिस्ट : राजपाल

वेलकम इंडिया




**मथुरा/बलदेव।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बने शिव कुमार का ग्राम जादोपुर में स्वागत समारोह किया गया।स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम में मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, हाथरस, अलीगढ़, कासगंज, एटा जनपदों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकदल के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने कहा कि शिव कुमार दूसरी बार निर्विरोध फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं यह हम सबके लिए गर्व की बात है।बलदेव क्षेत्र का नाम उन्होंने रोशन किया है।

फार्मासिस्ट को समाज की एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है क्योंकि वे दवाइयों की सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के लिए जिम्मेदार होते हैं। प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि कहा कि उत्तर प्रदेश में फार्मासिस्टों को उचित सम्मान नहीं मिल रहा है इसके लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। फार्मासिस्टों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार लंबे समय से फार्मासिस्ट पद के लिए भर्ती नहीं निकाल रही है। इस अवसर पर संरक्षक डॉ.शैलेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह सिसोदिया, तेजप्रकाश, मुनेश गौर, एस.के.वर्मा, रवि कुमार, अनुराग शर्मा, रवि कश्यप, भरत, सौरभ, गीतम सिंह, एटा से सचिन कुमार, चंद्र शेखर, संतोष कुमार, फिरोजाबाद से धर्मेंद्र यादव, ब्रजेश शर्मा, हरिशंकर, कुलदीप शर्मा, विष्णु कुमार, रमाकांत, हाथरस से मनीष यादव, शेखर परमार, सनी गोला, पुनीत सिसोदिया, प्रमोद चौधरी, अलीगढ़ से नितिन शर्मा, राहुल चौधरी, अमित कुमार, अंसार अली, संदीप सिंह, आगरा से राजवीर सिंह, सुनील गुर्जर, दीपक कुमार, करन कुमार, संतोष सोलंकी, कासगंज से शिवम् राजपूत, अनिल, बंटू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में छुपी प्रतिभाओं को आगे आने का मिलेगा मौका, संजीव चौधरी

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** क्षेत्र के गांव गढीश्याम में चयनित यूपी पुलिस के अभ्यर्थियों के सम्मान में गांव में पूर्व प्रधान के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर उनका हौसला अफजाई की। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

रविवार को क्षेत्र के गांव गढीश्याम के प्राइमरी पाठशाला में एक सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व प्रधान संजीव चौधरी के द्वारा किया गया। सम्मान समारोह में पिछले दिनों यूपी पुलिस के आए परीक्षा परिणाम में गांव गढीश्याम के आठ छात्रों ने उक्त परीक्षा को उत्तीर्ण किया था। जिसमें अमित कुमार, राहुल कुमार, अंकुर चौहान, अंशुल चौहान, कुलदीप चौहान, श्याम, सागर व शादाब के द्वारा उक्त परीक्षा को पास कर अपना चयन सुनिश्चित किया था। रविवार को सम्मान समारोह में पूर्व प्रधान संजीव चौधरी ने कहा कि यह हमारी ग्राम पंचायत के लिए बहुत हर्ष का विषय है कि एक ही गांव से आठ बच्चों का चयन यूपी पुलिस में हुआ है। यह इन बच्चों की लगन, कठोर परिश्रम व जज्बे के कारण सम्भव हो पाया है, इन सभी छात्रों के द्वारा अपने कठोर परिश्रम के कारण क्षेत्र में ग्राम पंचायत गंगेरू का नाम भी फख्र के साथ पूरे जनपद में ऊंचा किया है। इन सभी बच्चों के साथ - साथ इनके माता पिता भी बराबर के हिस्सेदार है। जिनके कारण ही यह सब संभव हो पाया है, ओर आने वाले समय में यह क्षेत्र के अन्य नौजवानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगें ओर ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। इस दौरान अमित चौहान डायरेक्टर आयुष्मान हॉस्पिटल कैराना ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के बिना जीवन बेकार है, सभी अपनों बच्चों को उच्च शिक्षा देकर उन्हें देश सेवा में आगे आने के लिए प्रेरित करें।

# राष्ट्रीय लोकदल ने चलाया सदस्यता अभियान



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** ब्लॉक के गांव भारसी में खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल का सदस्या अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम के दौरान खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, इससे कार्यकताओं में नया जोश और नई ऊर्जा का संचार होगा।ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी ने दिया है जिसके तहत गांव गांव जाकर सदस्य बनाए जा रहे हैं।प्रदेश महासचिव अरविंद पंवार ने कहा कि हम सब चरणसिंह वादी है। चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को लेकर गांव गांव जा रहे हैं। चौधरी साहब के अनुयायियों को एकत्रित कर रहे हैं।

# मोनाड यूनिवर्सिटी चेयरमैन सहित नौ लोगों को हिरासत में लेकर कंप्यूटर लैपटॉप दस्तावेज लिए कब्जे में फर्जी डिग्री बनाने का आरोप

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़ पिलखुवा थाना क्षेत्र में स्थित मोनाड यूनिवर्सिटी में एसटीएफ लखनऊ एवं मेरठ टीम के द्वारा फर्जी मार्कशीट डिग्री बनाने को लेकर संयुक्त छापामार कार्रवाई की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान एसटीएफ टीम के द्वारा पूरी तरह से यूनिवर्सिटी को सील कर दिया गया किसी को भी अंदर बाहर नहीं जाने दिया गया टीम ने यूनिवर्सिटी अध्यक्ष बिजेंद्र हुड्डा सहित नौ लोगों को हिरासत में लेते हुए मौके से लैपटॉप हार्ड डिस्क सर्वर सिस्टम सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। देर रात तक चली कार्रवाई के बाद सभी हिरासत में लिए गए लोगों को पिलखुवा कोतवाली लाया गया। जहां उनसे पूछताछ करने के साथ अग्रिम कानूनी प्रक्रिया जारी है।सूत्रों की माने तो मोनाड यूनिवर्सिटी पूर्व में भी नकली अंकताल तालिका डिग्री के मामले को लेकर सुर्खियों में रही है। और मोनाड यूनिवर्सिटी के चेयरमैन बिजेंद्र सिंह हुड्डा को बाइक बोट घोटाले का भी मास्टरमाइंड बताया जा रहा है।

# अधिकारियों को गुमराह कर दबंग भूमाफिया कर रहा किसान को परेशान

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** भूमाफिया के द्वारा पडोसी किसान की जमीन को हडपने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों को गुमराह करते हुए झूठे शिकायती पत्र देकर मानसिक रूप से उत्पीडन करने का आरोप लगाते हुए एक किसान ने मुख्य सचिव व डीजीपी आदि को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

नगर के मौहल्ला शेखजादगान निवासी किसान जितेन्द्र कुमार ने मुख्य सचिव व डीजीपी लखनऊ को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि उसके पिता सुरेश कुमार के द्वारा नगर के कांधला उत्तरी में खसरा नंबर 1152म/1 का कुल रकबा 10.6650 है0 है, जिसमें से लगभग 40 बीघा कृषक भूमि उपके पिता सुरेश कुमार के द्वारा वर्ष 2001 से 2007 में क्रय की थी, जिसके मूल बैनामें किसान के पास उपलब्ध है, और पीडित किसान व उसका परिवार तभी से उपरोक्त भूमि पर काबिज है तथा उस भूमि पर कृषि कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। आरोप है कि विपक्षीगण राजेन्द्र सिंह ने प्रार्थी की भूमि के पीछे की तरफ झगडे की एक भूमि वर्ष 2011 में क्रय की थी, जिसकी चारदीवारी विपक्षी के द्वारा तभी करा दी गई थी तथा उपरोक्त भूमि को अपने साथी संदीप, जसबीर, मांगेराम, राजूदीन, सन्नी, शमशीर उर्फ भूरा के नाम करा दी थी। उसके बाद विपक्षीगण राजेन्द्र के द्वारा आबादी दर्ज कराकर प्लाटिंग करा दी है, तथा अपने साथियों के द्वारा पावर आटर्नी कराकर उसका कुछ हिस्सा विक्रय कर चुके है।किसान जितेन्द्र कुमार का आरोप है कि विपक्षीगण राजेन्द्र सिंह सहारनपुर का एक दबंग व भूमाफिया प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके चलते विपक्षीगण व उसके परिवार पर अलग अलग स्थानों पर सिविल कोर्ट में दर्जनों अभियोग चल रहे है।

# एसपी अभिषेक झा के आदेश पर चलाए गए अभियान मे पुलिस ने किया कई वाहनों का चालान

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर** एसपी अभिषेक झा के आदेश पर चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने 150 वाहनों का चालान किया और स्कूली ई रिक्शाओं को चेतावनी देकर छोड़ दिया। यातायात पुलिस के टीएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सरवन कुमार सूर्य प्रताप हरेंद्र कुमार और कांस्टेबल आकाश सिंह की टीम ने 90 दुपहिया वाहनों बाइक स्कूटी कुल 60 बड़ी गाड़ियों चौपाइयां वाहनों जिसमे डग्गामार वाहन भी शामिल है का चालान किया।उधर नगीना थाना प्रभारी ने गश्त के दौरान मॉडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिल पर कार्यवाही की है पुलिस ने तीन बुलेट स्वरों को रोका और तीन बुलेट को सीज कर दिया गया। बुलेट मोटरसाइकिल में पटाखा छोड़ने वाला साइलेंसर और अन्य नियम विरुद्ध बदलाव पाए गए जिसके चलते तीनों बुलेट को थाना भिजवाकर सीज कर दिया गया है। इस दौरान थाना प्रभारी ने अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए कहां की अगर नगर में किसी अन्य बाइक स्वरों को पटाखा छोड़ते हुए या तेज ध्वनि के साइलेंसर बायको को चलते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगीना थानाध्यक्ष तेजपाल ने गश्त के दौरान पटाखा छोड़ रही तीन बुलेट मॉडिफाइड सेलेन्सर से पटाखा छोड़ने वाली को सीज किया है।थाना प्रभारी ने गश्त के दौरान तीन बुलेट को सीज किया, जबकि अन्य वाहन चालकों को यतायात नियमों को पाठ पढ़ाया।

# जनपद पुलिस ने 11 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर पुलिस द्वारा अपराध रोकथाम और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 17 मई 2025 को 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से हैं जिनमें शेरकोट, मण्डावली, धामपुर, चांदपुर और धार शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम इस प्रकार हैं मौ० आसिम (शेरकोट), जोगेन्द्र उर्फ काले एवं मलखान (मण्डावली), कुलदीप सिंह (चांदपुर), दयाराम व चन्द्रपाल सिंह (धामपुर), लोकेन्द्र (धार), सोनू उर्फ नवनीत कुमार (धामपुर), सुरेन्द्र, नीरज कुमार व मुकेश (शेरकोट)। पुलिस प्रशासन ने बताया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं।

# बदमाशों की फायरिंग, पुलिसकर्मी की मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर कोतवाली क्षेत्र में देर शाम स्विफ्ट कार में सवार बदमाशों ने एक ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट की और फायरिंग भी की। फायरिंग की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस को देख बदमाश फरार हो गए फरार बदमाशों का पुलिस पीछा कर रही थी की इसी दौरान बदमाशों ने अपनी कार गंज राजवाहे की ओर मोड़ दी जिससे गांव सालमाबाद भरेरा के पास बदमाशो की कार एक विद्युत पोल से टकरा गई और नहर में जा गिरी। कार के नहर में गिरते ही बदमाशों को बचाने के लिए डायल 112 के सिपाही मनोज कुमार और गंगाराम भी नहर में कूद गए। बता दें कि टक्कर की वजह से विद्युत पोल का तार टूटकर भी नहर में गिर गया, जिससे नहर में करंट आ गया। करंट लगने से एक बदमाश नीरज और दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए जिसमें घायल सिपाही मनोज की करंट से मौत हो गई पुलिस का दूसरा साथी गंगाराम घायल है उसका इलाज किया जा रहा है घायल बदमाश नीरज को सिपाही ने बचा लिया जहां उसका इलाज जिला अस्पताल में कराया जा रहा है सूचना मिलते ही एस पी अभिषेक झा एसपी सिटी संजीव बाजपेई, सीओ सिटी व थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नहर से निकालकर अस्पताल भिजवाया। इलाज के दौरान सिपाही मनोज कुमार की मौत होने से परिवार में कोहराम मचा है मृतक सिपाही 2016 बेंच का था वंही सूचना मिलते ही एसपी अभिषेक झा भी जिला अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसपी सिटी संजीव बाजपेई ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने और बचाने के प्रयास में सिपाही मनोज और गंगाराम घायल हो गए।

# आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने को निकली तिरगा यात्रा

विहय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़** । पूर्व विधायक धीरज ओझा और जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में हजारों की तादाद में आमजन, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग और मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ पद यात्रा में हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा तुलसी सदन हादी हॉल से शुरू होकर चौक घंटाघर से श्रीराम चौराहा, पंजाबी मार्केट होते हुए तुलसी सदन हादी हॉल में समाप्त हुई। हजारों की संख्या में एकत्र हुए लोगों ने हाथो में तिरंगा थामे हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुदार्बाद, भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ में चल रहे डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों ने वातावरण में देश प्रेम के प्रति उत्साह व जोश को दुगुना कर दिया। यात्रा में शामिल लोगों ने कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर लेकर भारत की इन बहादुर बेटियों को दुश्मन को सबक सिखाने में अहम भूमिका निभाने पर धन्यवाद ज्ञापित दिया। लोगों ने कहा कि हिंदुस्तान की इन बहादुर बेटियों पर देश को गर्व है। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे भारतीय सेना के वीर रणबांकुरों ने पाकिस्तान के दांत खट्टे कर दिए। भारत की सेना के शौर्य को पूरी दुनिया देख चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से यह साबित हो चुका है कि भारत मां के वीर सपूतों के रहते देश की सरहद को कोई आंख नहीं दिखा सका। ये विशाल तिरंगा यात्रा ऐसे ही वीर सपूतों व भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए निकाली गई है। यात्रा में शामिल सदस्य विधान परिषद इं अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि हर भारतीय को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व है। सेना ने घर में घुसकर पाकिस्तान को उसकी करनी का दंड दिया।सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि इस जय हिंद की सेना ने अपने शौर्य से दुश्मन को धूल चटाई है। पाकिस्तान गिड़गिड़ाने लगा युद्ध विराम के लिए। तिरंगे की आन बान और शान के लिए भारत का बच्चा बच्चा मिटने को तैयार है। जिन बेटियों का सिंदूर आतंकियों ने छीना था हमारी सेना ने उसका बदला ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को अंजाम देकर ले लिया है। यात्रा में पूर्व नॉन कमीशन अफसर राकेश कुमार शुक्ल, पूर्व विधायक धीरज ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रोहित मिश्र, जिला महामंत्री द्वय राजेश सिंह, पवन गौतम ,अशोक त्रिपाठी, अनिरुद्धाचार्य ओम प्रकाश पांडेय, आलोक ऋषिवंश, अमरेश मिश्र, पूर्व लोकायुक्त सत्यवान श्रीवास्तव, डॉ रवि श्रीवास्तव, पूर्व महामंत्री जूनियर बार जय प्रकाश मिश्र, गिरधारी सिंह, विशाल विक्रम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, अशोक मिश्र, सुनील मौर्य, शिवानी मातानहेलिया, प्रतिभा सिंह, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल, परशुराम सेना अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल, अंशुमान सिंह, पिंकी दयाल, रामजी मिश्र, कुलवंत सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडेय, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, रुचि केसरवानी, शिव शंकर सिंह, अभय सिंह, विजय मिश्र, गोकुल श्रीवास्तव, राजेश चंद्र मिश्र, ज्ञानेंद्र सिंह, राजेश मिश्र राजन आदि मौजूद रहे।

# कम्पोजिट विद्यालय में चल रहे दस दिवसीय रामचरितमानस गायन और वाचन का हुआ समापन

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शनिवार को ग्रीष्मकालीन रामायण अभिरुचि कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार की संस्था अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या संस्कृति विभाग की थीम पर आराजी लाइन ब्लाक के मिजार्मुराद स्थित कम्पोजिट के समापन सत्र पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नायब तहसीलदार राजातालाब श्याम नारायण तिवारी, विशिष्ट अथिति वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश सयुंक्त मंत्री शशांक कुमार पांडेय ने राम दरबार पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किये।बच्चों के सम्बोधन में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार ने इस कहां की रामचरितमानस एक महाकाव्य है जिससे हमें नैतिक बलों के उत्थान में मदद मिलती है। रामचरितमानस हमें हमारे जीवन में सही रास्ता चुनने में मदद करता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे किसान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज मिश्रा ने कहां की राम कथा में पिता पुत्र के संबंध की ऊंचाई, भाई-भाई के बीच प्रेम, समाज के पिछड़े वर्ग के प्रति जिम्मेदारी सम्मान, समानता दुश्मन की घोर अनैतिकता के बाद नैतिकता का साथ न छोड़ना इत्यादि सिखाया जाता है।कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक अनिल कुमार त्रिपाठी ने किया।सभी प्रशिक्षित बच्चों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में जिला एडमिन संजीव त्रिपाठी, सुरेन्द्र तिवारी, आनंद कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री प्रभाकर द्विवेदी, जिला मंत्री संतोष कुमार पांडेय, सत्य प्रकाश पाल, आशुतोष कुमार पांडेय, अमिताभ राय, आशुतोष त्रिपाठी, ऋषि मिश्रा एवं सह प्रशिक्षिका अंजनी वर्मा, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित' एवं समस्त विद्यालय स्टाफ और ग्रामवासी उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक कतार्नंद मिश्रा, अनु महेश्वरी, तथा आशा पाठक, रेखा सिंह, दीपमाला, मंजू राय, रीना, अन्नपूर्णा, ज्योति, महेंद्र, प्रीति और नीतू ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने मोदीनगर रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ए के वर्मा ने मोदीनगर रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने हर चीज का बहुत बारीकी से देखा। स्टेशन के बाहर पानी भरा देखकर वह गुस्सा खा गए। उन्होंने ठेकेदार कहा कि इसे तोड़कर फिर से बनाया जाए, यहां किसी हालत में पानी नहीं भरना चाहिए। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ए के वर्मा दिल्ली से सहारनपुर जाते हुए यहां मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे,ओर उन्होने रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया।उनके साथ उपमहाप्रबंधक पुष्पेंद्र रमन त्रिपाठी भी थे।उन्होंने रेलवे



स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्य को बहुत बारीकी से देखा। उन्होंने अपने साथ आए अधिकारियों कर्मचारियों को स्टेशन पर बने पुराने फ्लाई ओवर को भूपेंद्र पूरी और मोदीनगर से आने जाने वालों की सुविधा के लिए एक्सटेंशन करने के लिए भी हिदायत दी, उन्होंने कहा कि उससे लोगों को काफी सुविधा हो जाएगी। उन्होंने और भी कई चीजों का बारीकी से देखा ।रेलवे स्टेशन पर बने वॉश रूम मे केवल इंग्लिश सीट लगी हुई है, उन्होंने लोगों की मांग पर वहां देसी सीट लगाने के लिए भी कहा ।लोगों ने उनसे भूपेंद्र पुरी साइड में एक टिकट विंडो बनाए जाने के लिए भी अनुरोध किया। पत्रकारों की बातचीत करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि स्टेशन का जीर्णोद्धार का कार्य दो महा में पूरा हो जाएगा। इस मौके पर पत्रकारों ने हापुड़ रोड फ्लाई ओवर के मुद्दे को उठाया। उनके संज्ञान में लाया गया कि फ्लावर स्वीकृत हो चुका है , उसका बजट भी पास हो गया है इस पर उन्होंने इतना भर कहा कि इसको में देखूंगा। लोहा देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन,दिल्ली सहरनपुर ट्रेन रोकने के लिए अनुरोध किया कया है।

# आर के जी ग्लोबल स्कूल में समर कैंप का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद ने 18 मई से 24 मई तक स्कूल परिसर में समर कैंप का आयोजन किया। बड़े उत्साह के साथ, छात्रों ने एआई और रोबोटिक्स, कला और शिल्प, संगीत, नृत्य, वैदिक गणित, अंग्रेजी , फ्रेंच, योग, खेल - एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट, ट्रैक इवेंट, ताइक्वांडो और कई गतिविधियों में भाग लिया।

जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के नए आयामों का पता लगाने के लिए और अधिक गतिविधियाँ। ग्रीष्मकालीन शिविर की शुरूआत सम्मानित समूह निदेशक सत्येन्द्र कुमार और स्कूल



प्रिंसिपल श्रीमती शिल्पाश्री टी.आर. और सभी विशेषज्ञों की उपस्थिति में रिबन काटने की रस्म के साथ हुई। समारोह में छात्रों को विभिन्न कौशल सीखने की शुभकामनाओं के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर 25 की शुरूआत हुई, जो छात्रों के समग्र विकास में योगदान देगा।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता किसान मोर्चा के जिला मंत्री संजय त्यागी के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके दीघार्यु की कामना की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी ने सबको मिठाई खिलाकर जन्म दिन मनाया। राकेश त्यागी, अरुण त्यागी, लाला बॉस, रजनीश त्यागी, पूर्व चेयरमैन सोसायटी संजीव कुमार,बिट्टू त्यागी, आशीष गोयल जितेन्द्र शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा ,नरेंद्र भईया, महेन्द्र अध्यक्ष, विधायक किठौर सत्यवीर त्यागी, निजी सचिव डॉ लक्ष्मी कांत वाजपेयी सुरेश अग्रवाल, नीरज त्यागी, गौ रक्षक दल की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना सक्सेना आदि लोगों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य व दीघार्यु की कामना ।

# श्री राम सेवा समिति ने काजल और मोनू का विवाह संपन्न कराया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्री राम सेवा समिति ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के काजल और मोनू का विवाह पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराया।श्री राम सेवा समिति ने (फफराना रोड) आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की लड़कियों का विवाह सामूहिक रूप से सम्पन्न कराती रही है। इसी कड़ी में, समिति द्वारा कराई गई 22वीं शादी के अंतर्गत काजल और मोनू का विवाह को सम्पन्न कराया गया।इस अवसर पर शहर की विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने वधू को सिलाई मशीन भेंट की, वहीं चेयरमैन विनोद वैशाली ने आशीर्वाद स्वरूप आर्थिक सहयोग प्रदान किया।समिति द्वारा वधू को बेड, सेफ, कपड़े, साड़ियाँ, बेडशीट, प्रेस आदि आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई, जिससे उसका नया जीवन सरल और सुखद हो सके। समारोह में समाजसेवक स्वदेश जैन, उत्सव फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सोनिका जैन, राहुल जैन तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संस्था के संरक्षक सुशील गुप्ता ने इसे एक पुण्य कार्य बताते हुए सभी को ऐसे प्रयासों में सहयोग देने की अपील की। इस आयोजन में संस्था के अध्यक्ष जी.बी. जोशी, संदीप गर्ग, गगन मोहन, शिवांग शर्मा, नीलम, सोनिया गर्ग, संदीप गुप्ता, संतोष गुप्ता, रवि गोयल तथा अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## गांव नंगला बेर में श्री राधे कृष्णा जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम संपन्न



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** शिव सेवा संघ द्वारा नंगला बेर गांव में भगवान श्रीराधे-कृष्ण जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में सभी गांववासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर गांव की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। श्री राधे कृष्णा की मूर्ति के साथ भजन गाते हुए भक्तों ने पूरे गांव में परिक्रमा की । निर्दोष खटाना ने बताया कि यह मूर्ति स्थापना कार्यक्रम सभी ग्राम वासियों के सहयोग से पूरा हुआ। जिसमें गांव के सभी लोगों ने सेवा भाव से भाग लिया। कार्यक्रम में पवन खटाना अनिल खटाना रविंद्र खटाना संजय खटाना अमित खटाना, बबली गुर्जर राहुल गुर्जर अनुज शर्मा कपिल खटाना आदि लोगों ने भाग लिया।

## ये 12 वी पास वाले लड़के

ये ट्वेल्थ पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं,
पंख है छोटे फिर भी ऊंची उड़ान भरते हैं,
कहते हैं छोड़ दो हाथ मेरा,
और कुछ दूर जाते ही मन में मलाल करते हैं,
ये 12ू पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

नुक्स निकलते हैं अपनी मां में,
और दोस्तों की मां को मिसाल करते हैं,
हर बात के लिए मां को दोषी करार करते हैं,
ये ट्वेल्थ पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

जेब में अपना पैसा नहीं सपने हजार बुनते हैं,
और मां–बाप की कमाई पर एश बेशुमार करते हैं,
ये 12ू पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

कुछ दोस्तों के लिए घर में बवाल करते हैं,
और कभी–कभी तो मां–बाप का जीना भी दुश्वार करते हैं,
ये ट्वेल्थ पास वाले लड़के बड़ा कमाल करते हैं।

लोगों की बातों का बड़ा ख्याल करते हैं,
दूसरों का समय से पहले काम करते हैं,
आते ही घर की बारी माथे में सलवटें हजार भरते हैं,
ये ट्वेल्थ पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

नादानियां इतनी है कि मां–बाप हर बार माफ करते हैं,
गुस्सा इतना कि खुद की जिंदगी खाक करते हैं,
यह 12ू पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

दुखाते हैं दिल कभी मां का,
कभी बाप से 100 सवाल करते हैं,
ये 12ू पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

समझने वाले इनके दुश्मन हजार लगते हैं,
बढ़ावा दे जो उनकी गलतियों को वहीं इनके बस रिश्तेदार लगते हैं,
ये 12ू पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।



ममता शर्मा

## सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थक पोस्ट करने वाला युवक, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** स्योहारा में पुलिस ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थक पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी शहबाज उर्फ सुलतान मोहल्ला पीर का बाजार का निवासी है। घटना 16 मई 2025 की है। सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हुआ था। इसमें 'सुल्तान खान 5252' नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से पाकिस्तान के समर्थन में टिप्पणी की गई थी। पोस्ट में पाकिस्तान का झंडा भी लगाया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने उक्त स्क्रीनशॉट का तत्काल संज्ञान लेकर जांच की। जांच में सामने आया कि यह अकाउंट शहबाज का है। उक्त इंस्टाग्राम आईडी के संचालक के रूप में



शहबाज उर्फ सुल्तान पुत्र मोहम्मद यूसुफ निवासी मोहल्ला पीर का बाजार कस्बा व थाना स्योहारा जनपद बिजनौर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 152 बीएनएस व 66 आईटी एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरजीत सिंह, कांस्टेबल रूपक और कांस्टेबल विवेक शामिल रहे।

## दिपाक्षी चौहान ने 12वी मे 92% अंक प्राप्त कर किया स्कूल टॉपर

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा फल देख छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। पोटा निवासी देवदत्त रघुवंशी (प्रधान) की पुत्री दीपाक्षी चौहान गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 की छात्रा है। दीपाक्षी चौहान ने 12वी मे 92% अंक प्राप्त करके विद्यालय टॉप किया है। दीपाक्षी चौहान ने इसका श्रेय अपने विद्यालय के गुरुजनों एवं परिजनों को दिया। विद्यालय के प्रबंधक मनदीप सिंह ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता




व्यक्त की व दिपाक्षी चौहान के उज्जवल भविष्य की कामना की। दिपाक्षी चौहान स्वर्गीय अर्जुन सिंह की पोत्री है

## सरकारी स्कूलों में खाना बनाने वाली रसोइयों से20 तारीख को नुमाइश ग्राउंड बिजनौर पहुंचने का आह्वान किया

बिजनौर मंडावर प्रगतिशील रसोईया संगठन ने बैठक कर 20 मई 2025 को सुबह 11 :00 बजे सरकारी स्कूलों में खाना बनाने वाली रसोइयों से नुमाइश ग्राउंड बिजनौर पहुंचने का आह्वान किया जहां से प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी के कार्यालय माननीय प्रधानमंत्री को मांग पत्र प्रेषित किया जाएगा बैठक में रसोइयों ने बताया कि सुबह 8 :00 बजे से दोपहर बाद तक वह बच्चों का खाना बनाती है उन्हें खिलाती है और लगभग डेढ़ साल से उनसे आंगनवाड़ी के बच्चों का भी खाना बनवाया जा रहा है जिसका उन्हें कोई पैसा नहीं है दिया जा रहा है।

# योग साधना एवं मडबाथ के माध्यम से स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम

वेलकम इंडिया

अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान के तत्वावधान में आज एक विशेष मडबाथ (ट४ इंइँ) मिट्टी लेपन कार्यक्रम का आयोजन गंग नहर के पवित्र तट छोटा हरिद्वार, मुरादनगर पर किया गया। इस आयोजन में लगभग 500 योग साधकों ने भाग लिया, जिसमें मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से शरीर का शुद्धिकरण, चर्म रोगों से मुक्ति, तथा सामान्य रक्तचाप की प्राप्ति



था। मिट्टी लेपन में विशेष रूप से हल्दी, चंदन, एलोवेरा, गुलाब, केवड़ा और अन्य औषधीय वनस्पतियों का समावेश किया गया। सभी साधकों ने एक घंटे तक मिट्टी लेपन कर अपने शरीर को धरती मां की गोद में समर्पित करते हुए डिटॉक्सिफिकेशन, त्वचा पोषण, तथा मानसिक शांति का अनुभव किया। श्री कृष्ण कुमार अरोड़ा (अध्यक्ष, अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान ) ने कहाः ₹आज के युग में योग और प्राकृतिक चिकित्सा ही हमारी जीवनशैली को संतुलित रखने का आधार हैं। मडबाथ से ना केवल शरीर का शुद्धिकरण होता है बल्कि यह हमें प्रकृति से जोड़ता है।₹

**वरिष्ठ योग साधक डॉ. आर. के. पोद्दार ने कहा:** मिट्टी चिकित्सा शरीर के भीतर की गर्मी और विषैले तत्वों को बाहर निकालती है। यह उच्च और निम्न रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी सहायक है।₹

**योग शिक्षक श्री देवेंद्र बिष्ट ने कहा:** योग और मड़वाद का सम्मिलन सम्पूर्ण आरोग्यता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में इसे और अधिक जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

**प्रदीप चौधरी (योग साधक) का वक्तव्य:** मैंने व्यक्तिगत रूप से मडबाथ के लाभों को अनुभव किया है। यह विधि मुझे मानसिक सुकून और शरीर की ताजगी प्रदान करती है। मैं चाहूंगा कि समाज का हर व्यक्ति इसका लाभ उठाए। यह एक अनमोल प्राकृतिक चिकित्सा है जो हमें दवाओं से मुक्त करती है।₹

**मंगल चौधरी (योग साधक) का वक्तव्य:** मडबाथ ने मेरी त्वचा की समस्याओं में अद्भुत सुधार किया है। शरीर हल्का महसूस होता है और दिन भर ऊर्जा बनी रहती है। हम सभी को इस पारंपरिक और प्राकृतिक पद्धति को अपनाना चाहिए।



# सिन्दूर तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि






वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, गाजियाबाद द्वारा आज ₹सिन्दूर तिरंगा यात्रा₹ का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा बाला सुन्दरी देवी मंदिर, दिल्ली गेट से माँ काली की आरती के पश्चात प्रारंभ होकर रानी लक्ष्मी बाई स्मारक (रेलवे स्टेशन) तक पैदल रूप से सम्पन्न हुई। आज गाजियाबाद के प्राचीन देवी मंदिर में महिषासुर मर्दिनी माँ जगदंबा की पूजा-अर्चना की गई। बहनों ने माँ के चरणों में सिंदूर समर्पित किया और तत्पश्चात जीटी रोड पर तिरंगा ध्वज हाथ में लेकर जोरदार यात्रा निकाली। यह तिरंगा सिन्दूर यात्रा का भव्य दृश्य था, जिसमें देशभक्ति, मातृशक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना एवं मातृशक्ति की राष्ट्रभक्ति को सशक्त स्वरूप देना था। यात्रा में महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने सिन्दूर और तिरंगे के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। बहनें सैनिक वेशभूषा में भारत माता का संदेश दे रही थीं, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर सम्पन्न हुई इस यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा एवं जलपान व्यवस्था कर यात्रा में शामिल महिला शक्ति का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल और महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कौशिक ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाएं न केवल समाज की रीढ़ हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भी आधारशिला हैं। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, प्रदेश मंत्री रुचि गर्ग, रीटा सिंह, रनिता सिंह , महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कौशिक, संयोजक अनीता शर्मा, डॉ. ऋचा भदौरिया , सचिन डेढ़ा, संदीप चौधरी और मीडिया प्रभारी दीप्ति चौहान, पार्षद पूनम सिंह, रेनू चंदेला, पूर्व पार्षद लवली कौर, सिद्धि प्रधान अग्रवाल , सविता त्यागी सहित भारी संख्या में महिला शक्ति मौजूद रही। यह यात्रा गाजियाबाद में देशप्रेम, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर संपन्न हुई।








## साहिबाबाद विधानसभा में भारत तिरंगा यात्रा का ऐतिहासिक आयोजन









वेलकम इंडिया

साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा शालीमार गार्डन स्थित मंगल पांडेय चौक से आरंभ होकर भारत माता चौक तक गई, जिसमें देशभक्ति का अद्भुत उत्साह एवं जनसैलाब देखने को मिला। यात्रा मार्ग पर भारत माता की जयघोष और तिरंगा लहराते देशभक्तों की टोली ने एकता, अखंडता और देश के प्रति समर्पण का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। इस ऐतिहासिक यात्रा के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री सुनील शर्मा जी रहे। यात्रा का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी द्वारा किया गया, जिन्होंने साहिबाबाद की जनता एवं कार्यकताओं को एकजुट कर भारत माता के सम्मान में यह ऐतिहासिक आयोजन कराया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक श्री सचिन डेढ़ा जी (महानगर संयोजक) रहे। साथ ही श्री संदीप चौधरी जी एवं श्री आशीष चौधरी जी (दोनों विधानसभा सह-संयोजक) ने यात्रा की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई। यात्रा में सम्मानित मंडल अध्यक्ष गण, पार्षद गण, मोर्चों प्रकोष्ठों, महानगर पदाधिकारियों के साथ देव तुल्य कार्यकर्ता गण एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक भी शामिल रहे, जिनकी अनुशासित भागीदारी ने आयोजन को भव्य और प्रेरणादायक बनाया। कैबिनेट मंत्री श्री सुनील शर्मा जी ने कहाः भारत शौर्य तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भारत माता के सम्मान और हमारी राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रत्यक्ष प्रमाण है। साहिबाबाद की धरती से निकली यह प्रेरणादायक यात्रा देश के कोने-कोने में राष्ट्र प्रेम की चेतना को और सशक्त करेगी। महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी ने कहाः तिरंगे के साए में साहिबाबाद की जनता ने एकजुट होकर जो संकल्प और अनुशासन दिखाया है, वह गर्व का विषय है। मैं उन सभी कार्यकताओं, पार्षदगण, संयोजकों व नागरिकों का आभार प्रकट करता हूं, जिनकी सहभागिता से यह यात्रा सफल व ऐतिहासिक बनी।

## टैक्स वृद्धि पर जनप्रतिनिधियों का फूटा गुस्सा, विधायक संजीव शर्मा बोले- तत्काल वापस ले निगम फैसला

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा चार गुना टैक्स वृद्धि के फैसले के खिलाफ अब जनप्रतिनिधियों का विरोध भी तेज हो गया है। जहां पहले केवल आरडब्लूए और आम नागरिकों की ओर से विरोध सामने आ रहा था, अब शहर विधायक संजीव शर्मा समेत कई जनप्रतिनिधियों ने भी इस फैसले को जनविरोधी बताते हुए तत्काल वापसी की मांग की है। विधायक संजीव शर्मा ने साफ कहा कि नगर निगम के अधिकारियों को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि टैक्स में थोड़ी बढ़ोतरी जनहित में हो सकती है, लेकिन एक साथ चार गुना बढ़ोतरी न तो तर्कसंगत है, न ही स्वीकार्य। अफसरों को यह फैसला तुरंत वापस लेकर पुनर्विचार करना चाहिए। यह उल्लेखनीय है कि जब संजीव शर्मा बीजेपी महानगर अध्यक्ष थे, तब भी उन्होंने टैक्स वृद्धि के प्रस्ताव का विरोध किया था। उनके हस्तक्षेप के बाद बीजेपी पार्षदों ने विपक्षी पार्षदों के साथ मिलकर बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हालांकि बोर्ड द्वारा खारिज किए जाने के बावजूद नगर निगम अधिकारियों ने शासन स्तर से मंजूरी दिलाकर टैक्स प्रस्ताव को लागू करवा दिया और अब जनता को नए, अत्यधिक टैक्स दरों पर आधारित बिल थमा दिए गए हैं। इसी के बाद शहर में फिर से विरोध की लहर शुरू हो गई है। नगर निगम के इस कदम पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी भी नाराज हैं। उन्होंने पहले भी इस फैसले पर सवाल उठाए थे। शनिवार को आरडब्लूए की जूम बैठक में उनकी उपस्थिति में तीन चरणों में आंदोलन की रणनीति तय की गई। यह रणनीति आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक बना सकती है। अब जब राजनीतिक प्रतिनिधि भी जनता के साथ खड़े हो गए हैं, तो नगर निगम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आरडब्लूए पहले ही कह चुकी हैं कि जब तक टैक्स वृद्धि पर पुनर्विचार नहीं होता, वे कोई भुगतान नहीं करेंगी।

## एडीएम सिटी गंभीर सिंह का आजमगढ़ हुआ तबादला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एडीएम सिटी पद पर तैनात रहे गंभीर सिंह का तबादला हो गया है। उन्हें आजमगढ़ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पर भेजा गया है। गंभीर सिंह बेहद लोकप्रिय अधिकारियों में रहे। वो गाजियाबाद में एडीएम प्रशासन भी रहे। सामाजिक कार्यो में उनकी रूचि रही और शिक्षा को लेकर तो उनका समर्पण सभी जानतें हैं। एडीएम सिटी पद पर रहते हुए भी वो हमेशा सभी से सौम्य व्यवहार के लिये जाने जाते थे। हमेशा चेहरे मुस्कान लेकर मिले और पूरे कार्यकाल में उनका किसी से कोई विवाद नहीं हुआ। आईएमटी से एमबीए भी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। गाजियाबाद में गंभीर सिंह की तैनाती एक समय सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर हुई थी। इस पर रहते हुए उन्होंने अपने कुशल एडमिनिस्ट्रेशन और व्यवहार से सबका ध्यान खींचा। उनकी गिनती ऐसे अधिकारियों में होती थी जिनके दरवाजे जनता के लिए दोपहर 12 बजे के बाद



खुलते थे। खासतौर पर वह गरीब बच्चों की शिक्षा को लेकर खासे चिंतित रहते थे। राइट टू एजूकेशन के अ धिकार से उन्होंने कई गरीब परिवारों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन दिलाया। कई बार ऐसा देखने को मिला कि गरीब मां- बाप जब उनके पास जब अपने बच्चों की फीस माफ कराने को गुहार लेकर पहुंचे तब उन्होंने अपनी जेब से ही बच्चों की फीस जमा कर दी। उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में जहां एक अच्छे प्रशासक की सामाजिक एंव राजनीतिक सांमजस्य को भी बेहतर तरीके से साधा। जनता के बीच में उन्होंने अपनी एक लोक प्रियता भी दर्ज की। जिस दिन उनका बर्थडे था उस दिन उनको बधाई देने के लिए उनके कार्यालय से लेकर सोशल मीडिया तक बधाइयों का तांता लगा हरा। गभींर सिंह की गिनती भी गाजियाबाद के उन चंद अधिकारियों में होगी जिन्हें ट्रांसफर के बाद क्षेत्र की जनता याद रखती है।

### विनय कुमार सिंह बने गाजियाबाद के एडीएम सिटी

एडीएम सिटी गंभीर सिंह के तबादले के बाद उनके स्थान पर प्रयागराज के एडीएम वित्त एंव राजस्व विनय कुमार सिंह (द्वितीय) गाजियाबाद में एडीएम सिटी पद चार्ज संभालेगे। वह जल्द ही अपने पदभार को ग्रहण करने जा रहे है।

## पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर द्वारा पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में ह्लस्मृति अभियान झ 2025ह्व का आयोजन 21 से 31 मई 2025 तक भव्य रूप में किया जा रहा है। इस क्रम में कविनगर रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री सतेन्द्र शिशौदिया ने कहाः यह हम सबका सौभाग्य है कि पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी वर्ष ऐसे समय आ रही है जब देश और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जो सनातन मूल्यों, राष्ट्रवाद, संस्कृति और नारी




शक्ति के संरक्षण व उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन त्याग, न्याय, धर्म और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने न केवल मालवा की रानी के रूप में सुशासन दिया, बल्कि सैकड़ों मंदिरों का पुनर्निर्माण, धर्मशालाएं, कुएं, घाट और सराय बनवाकर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखा। भाजपा कार्यकर्ता इस त्रिशताब्दी वर्ष को केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक अभियान मानकर जन-जन तक उनकी प्रेरणा को पहुंचाएंगे। अभियान की शुरूआत 19 मई को जिला बैठक एवं प्रेस वार्ता से की गई, जिसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। विजेताओं को महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। 21 मई को निबंध प्रतियोगिता कराई जाएगी जिसमें छात्र-छात्राएं अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर लिखकर उनके विचारों को आत्मसात करेंगे। 21-22 मई को होने वाली जिला महानगर संगोष्ठी में उनके जीवन दर्शन एवं भारतीय संस्कृति में उनके योगदान पर गहन विचार किया जाएगा, जिसमें महिला मोर्चा, शिक्षक, चिकित्सक, व्यापारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता व प्रबुद्धजन सहभागिता करेंगे। 23-24 मई को घाट सज्जा एवं नदी आरती कार्यक्रम के अंतर्गत किसी प्राचीन शिव मंदिर या घाट पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व आरती की जाएगी तथा धर्मगुरुओं द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन होगा। 25 मई को प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें उनके जीवन दर्शन और सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु किए गए कार्यों को छवियों व उद्धरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।